ज्येष्ठ शुक्ल - 9 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 316 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 15-06-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 उच्च न्यायालय ने सीआईडी को पोसो मामले में येडीयुरप्पा को गिरतार करने से रोका

6 नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर विपक्ष हुआ आक्रामक

7 हर कलाकार को उसे मिलने वाले पारिश्रमिक को लेकर पुनः विचार करना चाहिए : करण जौहर



## फर्स्ट टेक

### जम्मू में बड़े जमीन घोटाले का खुलासा, पांच प्राथमिकी दर्ज

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें भू-माफिया द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से 28 एकड़ से अधिक जमीन हड़पी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसीबी-जम्मू के उप महानिरीक्षक विकास गुप्ता ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सरकारी अधिकारियों सहित आरोपियों के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और घोटाले में शामिल 16 लोगों के परिसरों पर छापेमारी चल रही है।

### 5717 करोड़ की धोखाधड़ी के सिलसिले में 14 स्थानों पर सीबीआई ने छापे मारे

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ में स्थित एसकेएस पावर जेनरेशन लिमिटेड द्वारा कथित तौर पर 5717 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शुक्रवार को 14 स्थान पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर दर्ज अपनी प्राथमिकी में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड (एसकेएसआईपीएल) द्वारा प्रवर्तित कंपनी एसकेएस पावर जेनरेशन लिमिटेड ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एलएंडटी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड, पीटीसी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर से 6,170 करोड़ रुपये का ऋण लिया, जिसके बाद 5717 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया।

### कल्याण के ऐतिहासिक दुर्गाडी किले का एक हिस्सा ढहा

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार को ऐतिहासिक दुर्गाडी किले का एक हिस्सा ढह गया। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में कल्याण में 17वीं सदी की संरचना के किले का एक हिस्सा ढहता हुआ दिखाई दे रहा है। किले के हिस्से के ढह जाने के बाद अधिकारियों ने अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। इमारत ढहने के बाद अधिकारियों ने अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख रवि पाटिल ने कहा कि पुरातत्व विभाग के साथ कुछ मुद्दों के कारण किले के जीर्णोद्धार में देरी हुई।

| 15-06-2024 सूर्यास्त | 16-06-2024 सूर्योदय |
| --- | --- |
| 6:36 बजे | 5:42 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 76,992.77 | 23,465.60 |
| (+181.88) | (+66.70) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 7,387 रु. | 96,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### नीट और ढीट

कुछ लोगों की लोलुपता से,
उज्ज्वल से गँदली हुई नीट।
जो होनहार मेहनत करते,
कमजोर कर रहे उन्हें बीट।
घोड़ों को घास नहीं मिलती,
गदहे पा जाते श्रेष्ठ सीट।
आक्रोशित युवा कहे किसको,
सारा ही सिस्टम हुआ ढीट।।

---

**जी-7 शिखर सम्मेलन के संवाद सत्र को संबोधित करते हुए**

# प्रधानमंत्री मोदी ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बारी (इटली)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार को समाप्त करने का शुक्रवार को आह्वान किया और कहा कि समावेशी समाज की नींव रखने के लिए इसे रचनात्मक बनाया जाना चाहिए।

मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 शिखर सम्मेलन के संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी माना है। उन्होंने कहा, ''इन प्रयासों में हमने अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को अपना स्थायी सदस्य बनाया है।''

मोदी ने कहा, ''भारत अफ्रीका के सभी देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा।''

प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने के महत्व पर विस्तार से बात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमें प्रौद्योगिकी को रचनात्मक बनाना होगा, विघटनकारी नहीं। तभी हम समावेशी समाज की नींव रख पाएंगे।''



**मोदी ने जेलेंस्की से कहा**

### यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा भारत

बारी (इटली)/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत, रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने साधनों के भीतर हरसंभव प्रयास करना जारी रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शांति का रास्ता ''बातचीत और कूटनीति'' से होकर गुजरता है। मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच स्विट्जरलैंड स्विस शांति सम्मेलन पर भी चर्चा हुई।

## मोदी ने पोप फ्रांसिस ने मुलाकात की, उन्हें भारत आने का न्योता दिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया और कहा कि वह लोगों की सेवा के प्रति पोप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। मोदी और पोप फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सत्र' में गर्मजोशी से मुलाकात की। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं के साथ महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। साथ ही उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया।''

## सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ाई गई

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत की अवधि को एक सत्र अदालत ने सोमवार को 19 जून तक बढ़ा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बालाजी को 14 जून, 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने यहां केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश (पीएसजे) एस अल्ली के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 19 जून तक बढ़ा दी। न्यायाधीश ने कहा कि वह बालाजी द्वारा मामले में उन्हें बरी करने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 19 जून को आदेश पारित करेंगी।

## भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने पर ध्यान : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि उनका ध्यान भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर क्षेत्र में एक नौसैनिक शक्ति के रूप में इसकी उपस्थिति को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाने पर होगा।

सिंह ने यह टिप्पणी लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री बनने के बाद यहां की अपनी पहली यात्रा के दौरान की। उन्होंने भारतीय नौसेना की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा करने के लिए विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) का दौरा किया और आईएनएस जलाश्व पर 'डे एट सी' कार्यक्रम में भाग लिया।

एक प्रेस विज्ञप्ति में सिंह के हवाले से कहा गया है, ''बढ़ते औद्योगिक बुनियादी ढांचे के कारण भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारे शिपयार्डों का विस्तार हो रहा है, विमानवाहक पोतों की संख्या बढ़ रही है और हमारी नौसेना एक नई शक्तिशाली ताकत के रूप में उभर रही है। हम इस कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे।

## कुवैत अग्निकांड : कोच्चि हवाई अड्डे पहुंचाए गए 31 भारतीयों के शव, दी गई श्रद्धांजलि

**कोच्चि/भाषा।** कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले कुल 45 भारतीयों में से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे और उनके शवों को शुक्रवार को सुबह विमान से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने यहां मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



कुवैत अग्निकांड में मारे गए भारतीयों के शव लेकर वहां से आया भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार को करीब 10.30 बजे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

भारतीय वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 भारतीयों के शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य भारतीयों के शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है।

## एनटीए में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : धर्मेन्द्र प्रधान

**खामियां मिलीं तो जवाबदेही तय की जाएगी**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं और अंक बढ़ा-चढ़ाकर बताने के आरोपों के बीच एनटीए आलोचनाओं के घेरे में आ गई है। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई के बारे में प्रधान ने कहा, ''हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी और चूक की प्रकृति के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।'' उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' के एक सवाल के जवाब में कहा, ''किसी भी परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता की कोई गुंजाइश नहीं है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही भी तय की जाएगी।''

### राज पर्व



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में 'राज पर्व' समारोह में भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखीं।

## नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े यूक्रेन तभी संघर्ष विराम होगा : पुतिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मॉस्को/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि 2022 में उसके भू-भाग में मिलाये गए चार क्षेत्रों से यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को हटाना शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह ''तुरंत'' संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। लेकिन यूक्रेन ने पुतिन के इस प्रस्ताव को ''बेतुका'' करार दिया है।

रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति कायम करने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जिसमें रूस शामिल नहीं होगा।

कीव के लिए पुतिन का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले। पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में कहा, ''हम ऐसा तुरंत कर देंगे।''

# अमेरिका से हारकर पाकिस्तान टी20 विश्व कप से हुआ बाहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)/भाषा।** अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच रद्द होने से वह ग्रुप से से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया। अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद्द करने का फैसला किया। जिसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की मजबूत टीम उस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जिसे उन्होंने 2009 में जीता था।

अमेरिका ने ग्रुप लीग अभियान को चार मैचों में पांच अंकों के साथ समाप्त किया और पाकिस्तान अगर आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी जाता है तो अधिकतम चार अंकों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान रविवार को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ जीत के लिए 120 रन का लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा था। इससे पहले, डलास में अपने शुरुआती मैच में उसे अमेरिका से सुपर ओवर में करारी हार का सामना करना पड़ा था।

अमेरिका ने लगभग टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में लगभग 200 रनों का पीछा करते हुए कनाडा पर शानदार जीत दर्ज की थी। उसने टी20 विश्व कप के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को झटका दिया और फिर खिताब के प्रबल दावेदार भारत को कड़ी टक्कर दी। टीम ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को शिकस्त दी थी।

फोर्ट लाउडरहिल फ्लोरिडा का हिस्सा है जो उष्णकटिबंधीय तूफान की चपेट में है।

## गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**16 जून को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई**

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने रविवार की बैठक में भी सालाना अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया था जो 29 जून से शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है।

## भागवत के बयान के बाद भाजपा के साथ मतभेद की खबरों को आरएसएस ने किया खारिज

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपने मतभेद की खबरों को खारिज किया और इसे भ्रम पैदा करने की कोशिश करार दिया।

संघ सूत्रों ने इस बात को भी मानने से इंकार किया कि लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर सरसंघचालक मोहन भागवत की आलोचनात्मक टिप्पणियां सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाकर की गई थीं।

सूत्रों ने यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा सहित उसके सहयोगी संगठनों की तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ जिले में 31 अगस्त से शुरू होगी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

आरएसएस सूत्रों ने कहा, आरएसएस और भाजपा के बीच कोई दरार नहीं है।

संघ का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्षी नेताओं समेत लोगों के एक वर्ग का दावा है कि भागवत की वह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करने के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को एक संदेश है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'सच्चा सेवक कभी अहंकारी नहीं होता'

सूत्रों ने कहा, ''2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद उन्होंने (भागवत) जो भाषण दिए थे और इस बार का जो भाषण है , इनमें बहुत अधिक अंतर नहीं है। किसी भी संबोधन में राष्ट्रीय चुनावों जैसी महत्वपूर्ण घटना का संदर्भ होना लाजिमी है। उन्होंने कहा, लेकिन इसका गलत मतलब निकाला गया और भ्रम पैदा करने के लिए इसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया। उनकी 'अहंकार' वाली टिप्पणी कभी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या भाजपा के किसी नेता के खिलाफ नहीं थी।

अपने भाषण में भागवत ने सोमवार को मणिपुर में एक साल बाद भी शांति बहाल ना होने पर चिंता जताई थी। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव के दौरान आम विमर्श की आलोचना की थी और चुनाव खत्म होने और परिणाम आने के बाद क्या और कैसे होगा, इस पर अनावश्यक बातचीत के बजाय आगे बढ़ने का आह्वान किया था।

विपक्षी नेताओं ने भाजपा और मोदी पर निशाना साधने के लिए उनकी टिप्पणियों को हथियार बना लिया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि भले ही 'एक तिहाई' प्रधानमंत्री की अंतरात्मा या मणिपुर के लोगों की बार-बार की पुकार भी उन्हें पिघला न पाई, शायद भागवत आरएसएस के पूर्व पदाधिकारी को मणिपुर जाने के लिए राजी कर सकते हैं।

आरएसएस सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेताओं के इस तरह के दावे कुछ और नहीं बल्कि भ्रम फैलाने की राजनीति है।

# केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना के बेटे और दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना के बेटे अरुण बी एस सहित तीन लोगों के खिलाफ एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी' में धोखाधड़ी और खातों में हेराफेरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक तीनों लोगों पर कंपनी से जुड़े एक दंपति को धमकी देने का भी आरोप है। उन्होंने बताया कि 3%वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई।

प्राथमिकी के अनुसार, तृप्ति नाम की महिला ने आरोप लगाया है कि वह और उसके पति माधवराज पिछले 23 वर्षों से इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चला रहे हैं। वर्ष 2013 में एक सरकारी कार्यक्रम के आयोजन के दौरान उनकी मुलाकात जलशक्ति और रेल राज्यमंत्री के बेटे अरुण से हुई।

इसके बाद 201% में उनकी कंपनी ने अरुण की बेटी के लिए जन्मदिन की पार्टी भी आयोजित की थी। बाद में अरुण ने अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए कार्यक्रम की योजना बनाने का काम इसी कंपनी को सौंप दिया। वर्ष 2019 में, अरुण और माधवराज ने एक साझेदारी विलेख के तहत एक कंपनी शुरू की।

जब व्यवसाय में कथित तौर पर घाटा हुआ तो अरुण ने माधवराज को इसकी जानकारी नहीं दी और जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की तो उन्हें कंपनी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। बाद में अरुण ने कंपनी में नए साझेदार भी शामिल कर लिए। तृप्ति ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। कंपनी में माधवराज का लाभांश भी 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। इस मामले में 12 जून को दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर कंपनी के कार्यालय स्थान और पंजीकरण से संबंधित कई अनियमितताएं की गईं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके परिवार को गुंडों द्वारा परेशान किया गया तथा उसके पति को अंधेरे वाले एक कमरे में बंद कर दिया गया और उसे प्रताड़ित किया गया।

इस सिलसिले में संजय नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी अधिकारियों के साथ विस्फोट स्थल पर गये।

### नागपुर विस्फोटक फैक्टरी विस्फोट

# कारखाना निदेशक और प्रबंधक गिरफ्तार, जमानत मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागपुर/भाषा। महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में विस्फोट होने से छह श्रमिकों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को कारखाना निदेशक और उसके प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में दोनों को जमानत मिल गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि 'चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक जय शिवशंकर खेमका (49) और कारखाने के प्रबंधक सागर देशमुख को गिरफ्तार कर उन्हें आज यहां एक अदालत में पेश किया गया।

हिंगना के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी।

यह कारखाना नागपुर शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना थाना क्षेत्र के धमना गांव में है।

पुलिस के अनुसार विस्फोट बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे हुआ था। कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था जिनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक विस्फोट के समय अधिकतर ये श्रमिक कारखाने की पैकेजिंग इकाई में काम कर रहे थे।

पुलिस ने कहा कि कारखाने के निदेशक और प्रबंधक के खिलाफ बृहस्पतिवार रात में भादंसं की विभिन्न संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

उसके अनुसार बाद में नागपुर के रामनगर निवासी खेमका और देशमुख को गिरफ्तार किया गया।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी अधिकारियों के साथ विस्फोट स्थल पर गये।

गडकरी ने संवाददाताओं से कहा, '' फैक्टरी प्रबंधन ने जान गंवाने वालों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये देने का वादा किया है जबकि राज्य सरकार 10-10 लाख रुपये देगी।''

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टिवार भी घटनास्थल पर गये। उन्होंने मांग की कि जान गंवाने वालों के परिवारों को 35 लाख रुपये का मुआवजा तथा 20,000 रुपये की मासिक पेंशन दी जाए।

# उज्जैन में पुलिस ने सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया, 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद

उज्जैन (मप्र)/भाषा। मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किये। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी।

उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है।

हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे।

सिंह ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

# एनआईए: साइबर धोखाधड़ी, हनी ट्रैपिंग से जुड़े वैश्विक रैकेट में शामिल नासिक निवासी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके बारे में संदेह है कि वह एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का प्रमुख सदस्य है, जो युवाओं को क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और मोहपाश में फंसाने (हनी ट्रैपिंग) सहित अवैध ऑनलाइन गतिविधियों में धकेलता रहा है।

जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सुदर्शन दराडे इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा व्यक्ति है। बयान के अनुसार, जांच से पता चला है कि दराडे सीधे तौर पर संगठित तस्करी गिरोह में शामिल था, जो भारतीय युवाओं को वहां वैध रोजगार दिलाने के झूठे वादे में फंसाकर विदेश में तस्करी करता था।

बयान के मुताबिक, एनआईए ने कहा कि युवाओं को गोल्डन ट्राएंगल स्पेशल इकोनॉमिक जोन सहित लाओस के विभिन्न स्थानों और कंबोडिया में फर्जी कॉल सेंटर में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था, जो मुख्य रूप से विदेशी नागरिकों द्वारा नियंत्रित गिरोहों के माध्यम से संचालित किए जाते थे।

बयान में कहा गया है कि ये सिंडिकेट (गिरोह) भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ कंबोडिया और लाओस के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और वियतनाम जैसे अन्य देशों में स्थित गुर्गों से जुड़े थे। एनआईए की जांच के अनुसार, मानव तस्करी के जरिए लाए गए युवाओं को क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, नकली ऐप का उपयोग करके क्रिप्टोकरेंसी में निवेश और हनी ट्रैपिंग जैसी अवैध ऑनलाइन गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था।

बयान में कहा गया है, ''एनआईए ने शुक्रवार को मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र के नासिक में बड़े पैमाने पर तलाशी के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।''

बयान के अनुसार, एनआईए और पुलिस बलों द्वारा विभिन्न राज्यों में संयुक्त तलाशी अभियान के बाद 27 मई को पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

जांच एजेंसी ने कहा, ''आज की तलाशी में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई, जिसमें विभिन्न दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, बैंक खातों का विवरण आदि शामिल हैं। एनआईए इन सामग्रियों की जांच मानव तस्करी और जबरन साइबर धोखाधड़ी मामले के पीछे की साजिश को उजागर करने के लिए जांच कर रही है।'' एनआईए ने 13 मई को उस वक्त मुंबई पुलिस से यह मामला अपने हाथ में ले लिया था, जब प्रारंभिक जांच में तस्करों और साइबर जालसाजों के बीच देशव्यापी गठजोड़ का पता चला था। ये अंतरराष्ट्रीय गिरोहों के आदेश पर काम कर रहे थे।

एनआईए ने कहा, ''अब तक गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी थाईलैंड, कंबोडिया और वियतनाम से भारतीय युवाओं को अवैध रूप से लाओस एसईजेड में भेजने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से सक्रिय तस्करों के साथ मिलकर काम कर रहे थे।''

# हजारे को महाराष्ट्र, देशभर के घोटालों को उजागर करना चाहिए : संजय राउत

मुंबई/भाषा। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे को चुनावी बॉण्ड से जुड़े कथित घोटाले सहित देशभर के घोटालों को उजागर करना चाहिए।

राउत उन खबरों का हवाला दे रहे थे, जिनमें कहा गया है कि हजारे महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) से संबंधित कथित घोटाले की 'क्लोजर रिपोर्ट' को चुनौती देंगे। मामले के आरोपियों में उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल हैं।

'क्लोजर रिपोर्ट', के जरिये पुलिस या जांच एजेंसी मामला बंद करने का अदालत से अनुरोध करती है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि हजारे को महाराष्ट्र और देश में हुए घोटालों के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन करना चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारे का आंदोलन, 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार और आम आदमी पार्टी (आप) के उभरने के कारणों में एक था।




अप्रैल में, मुंबई पुलिस ने 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल करते हुए कहा था कि चीनी मिल और अन्य कंपनियों को ऋण दिये जाने के चलते बैंक को अनुचित नुकसान नहीं हुआ।

'क्लोजर रिपोर्ट' को चुनौती देने की हजारे की संभावित योजना के बारे में राउत ने कहा, ''मुझे खुशी है कि अन्ना हजारे फिर से सक्रिय हो गए हैं। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। लेकिन महाराष्ट्र ने केवल 'शिखर' (एमएससीबी) बैंक घोटाला नहीं देखा है। राज्य और देश ने कई घोटाले देखे हैं।''

राउत ने कहा कि हजारे को कथित 10,000 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड घोटाले को भी उजागर करना चाहिए। उन्होंने दावा किया, ''महाराष्ट्र और पूरे देश में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उगाही की जा रही है और यह भाजपा के खजाने में जा रहा है।''

# रेलवे ने बुलेट ट्रेन के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनाई : अश्विनी वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




नई दिल्ली/भाषा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि बुलेट ट्रेन सेवा का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनाई गई है। अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बुलेट ट्रेन सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली को अपनाया गया है। यह प्रणाली उन्नत उपकरण प्रणाली से सुसज्जित वर्षामापी यंत्रों का इस्तेमाल करके वर्षा पर वास्तविक समय वाले आंकड़े प्रदान करेगी। ''

बुलेट ट्रेन परियोजना कॉरिडोर का निर्माण कर रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अनुसार ट्रैक रखरखाव केंद्र ट्रैक के पास स्थापित वर्षा गेज द्वारा उत्पन्न आंकड़ों की निगरानी करेगा।

एनएचएसआरसीएल के एक अधिकारी ने कहा, ''इन आंकड़ों को ट्रेन यातायात नियंत्रक के साथ साझा किया जाता है ताकि ट्रेन की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की सलाह दी जा सके।'' उन्होंने कहा, ''चूंकि, ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी, इसलिए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर मिनट सावधानी बरती जा रही है।''

रेल मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर बुलेट ट्रेन परियोजना के पहले चरण, गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर लंबे खंड के अगस्त 2026 तक पूरा होने की घोषणा की है। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी अधिकतम गति से चलेगी और 508 किलोमीटर की दूरी दो घंटे और 58 मिनट में तय करेगी, जिसमें सभी 10 स्टेशनों पर इसका ठहराव समय भी शामिल है।

बुलेट ट्रेन मुंबई से शुरू होगी और 10 स्टेशनों अर्थात ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद और अहमदाबाद को कवर करने के बाद साबरमती पर समाप्त होगी।

बुलेट ट्रेन परियोजना में 508 किलोमीटर में से 352 किलोमीटर गुजरात और दादर एवं नगर हवेली में पड़ता है जबकि शेष 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में है। इसमें कुल 12 स्टेशन हैं, जिनमें से आठ गुजरात में और चार महाराष्ट्र में हैं।




# चांदनी चौक अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान, व्यापारियों का कहना है सब कुछ जलकर राख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। ''सब कुछ राख हो गया है- सपने, दुकान और उसमें मौजूद सारा सामान'' दिल्ली के चांदनी चौक में लगी भीषण आग में नष्ट हुई दुकान के एक व्यापारी ने यह बात कही। हादसे में क्षेत्र की दो इमारतें भी ढह गईं। उनकी दुकान उन 50 दुकानों में से एक थी जो आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गई थी।12 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने के लिए 50 दमकल वाहनों और 200 जमीनी कर्मियों की आवश्यकता पड़ी थी।

आग से क्षतिग्रस्त दुकानों की संख्या अभी बढ़ सकती है और व्यापारियों को हुआ नुकसान करोड़ों में हो सकता है।

चांदनी चौक के पुराने कटरा मारवाड़ी मार्केट में बृहस्पतिवार शाम आग लग गई। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

बृहस्पतिवार को शाम 4.15 बजे 60 वर्षीय नरेन्द्र अपने एक ग्राहक से नियमित बातचीत कर रहे थे, तभी उन्होंने चीखने की आवाज सुनी। उन्होंने कहा, ''लोग चिल्ला रहे थे। हमें पहले से ही पता था कि हमारी दुकान एक संकरी जगह पर है। मैंने शीघ्र दुकान में मौजूद सभी लोगों से बाहर निकलने को कहा। कुछ ही मिनटों में सब कुछ जलकर राख हो गया।''

अधिकारियों के अनुसार, साड़ियां, दुपट्टे और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं वाली दुकानों में आग लगी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने के कारण दो इमारतें ढह गईं, जिनमें कई दुकानें थीं। इसमें वह इमारत भी शामिल है जहां से आग लगी थी।

नई सड़क व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक महेंद्रू ने कहा कि पुलिस और अग्निशमन दल अभी भी व्यापारियों को उनकी दुकानों से दूर रख रहे हैं, क्योंकि और भी इमारतें गिर सकती हैं। महेंद्रू ने कहा, '' अब तक मुझे पता चला है कि 50 से अधिक दुकानें जल गई हैं, जिसमें केवल 70 से 80 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।'' उन्होंने कहा, '' आग दुकान नंबर1580 या 1581 से शुरू हुई और कुछ ही समय में पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से, किसी को कोई चोट नहीं आई, अन्यथा स्थिति भयावह हो सकती थी।''

अग्निशमन विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान के बीच पुलिस ने दुकानदारों को उनकी दुकान में प्रवेश की अनुमति नहीं दी है। इसलिए व्यापारियों द्वारा नुकसान का पूरा अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

अग्निशमन विभाग के अनुसार, एक दुकान में एयर कंडिश्नर (एसी) में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी जो अन्य दुकानों तक फैल गई। आग की तीव्रता के कारण दो इमारतें ढह गईं।

# वृद्धि के लिहाज से चीन की तुलना में भारत प्रतिकूल वैश्विक कारकों से जूझ रहा: सीईए

मुंबई/भाषा। भारत तेजी से वृद्धि करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन देश को धीमा होता वैश्वीकरण, विभाजनकारी वैश्विक राजनीति और जलवायु परिवर्तन के ज्वलंत मुद्दे जैसे प्रतिकूल कारकों से जूझना पड़ रहा है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को यह बात कही।

नागेश्वरन ने यहां फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के एक कार्यक्रम में कहा कि 1980 और 2015 के बीच लगभग दहाई अंक की दर से वृद्धि करने वाले चीन को अपने उच्च वृद्धि चरण के दौरान इन कारकों से जूझना नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, अब जब भारत वृद्धि करने की कोशिश कर रहा है, तो ये तीनों कारक भारत के लिए प्रतिकूल हो गए हैं। वैश्वीकरण धीमा पड़ रहा है, वैश्विक राजनीति विभाजित हो रही है, और जलवायु परिवर्तन एक ज्वलंत मुद्दा है। उन्होंने कहा कि 1980 से 2015 के बीच चीन को बहुत मजबूत वैश्वीकरण का फायदा मिला, वैश्विक राजनीति उतनी विभाजनकारी और ध्रुवीकरण वाली नहीं थी, और दुनिया उतनी संघर्ष-ग्रस्त नहीं थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के चीन के साथ अशांत संबंध हैं। शिक्षाविद से नीति निर्माता बने सीईए ने इलेक्ट्रिक परिवहन में चीन की ताकत और हमारी आयात जरूरतों को देखते हुए देश के वाहन उद्योग से चीन पर बढ़ती निर्भरता पर विचार करने को कहा। उन्होंने कहा, हमें कच्चे तेल के लिए अरब देशों पर अपनी निर्भरता की जगह किसी अन्य देश को नहीं सौंपना चाहिए, जिसके साथ भारत के संबंध खराब हैं। उन्होंने बताया कि जहां तक ई-परिवहन की बात है, वाहन निर्माण के लिए वाहन उद्योग द्वारा उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों और धातुओं के लिए चीन पर आयात निर्भरता बढ़ रही है।

# उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में प्राचीन शिव मंदिर को गिराने के आदेश को बरकरार रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को यमुना के डूब क्षेत्र के पास गीता कॉलोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर को गिराने के आदेश को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा, ''प्राचीन मंदिर के निर्माण की शुरुआत का प्रमाण कहां है? प्राचीन मंदिर पत्थरों से बनाए जाते थे, न कि सीमेंट से और उस पर रंग-रोगन भी नहीं किया जाता था।'' उच्च न्यायालय ने 29 मई को कहा था कि भगवान शिव को किसी के संरक्षण की आवश्यकता नहीं है और इसने यमुना नदी के किनारे अनधिकृत तरीके से बनाए गए मंदिर को हटाने से संबंधित याचिका में उन्हें (भगवान शिव को) पक्षकार बनाने से इनकार कर दिया था।

उच्च न्यायालय ने गीता कॉलोनी में डूब क्षेत्र के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर को गिराने के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि अगर यमुना नदी के किनारे और डूब क्षेत्र से सभी अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण हटा दिए जाएं तो भगवान शिव अधिक खुश होंगे।

याचिकाकर्ता ''प्राचीन शिव मंदिर एवं अखाड़ा समिति'' ने दावा किया था कि मंदिर आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र है और यहां नियमित रूप से 300 से 400 श्रद्धालु आते हैं। याचिका में दावा किया गया था कि मंदिर की संपत्ति की पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार प्रबंधन को बनाए रखने के लिए 2018 में सोसाइटी का पंजीकरण किया गया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि विवादित भूमि व्यापक सार्वजनिक हित के लिए है और समिति (याचिकाकर्ता) इस पर कब्जा करने और इसका उपयोग जारी रखने के लिए किसी निहित अधिकार का दावा नहीं कर सकती है। अदालत ने कहा था कि यह जमीन शहरी विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित जोन-'ओ' के लिए क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत आती है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



राजभवन में राज्यपाल थावर चंद गहलोत के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने उनका स्वागत किया।

# शाह ने मुझे निर्वाचन क्षेत्र में तेजी से काम करने को कहा : सौंदरराजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता तमिलिसाई सौंदरराजन ने कहा कि ''पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने उन्हें राजनीतिक तथा निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े काम तेजी से करने को कहा।'' तमिलिसाई ने यह स्पष्टीकरण ऐसे वक्त में दिया जब केंद्रीय गृह मंत्री के साथ उनकी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ।

यह वीडियो तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से जुड़े कार्यक्रम से संबंधित हैं। दरअसल इस वीडियो में शाह सौंदरराजन से बात करते वक्त सख्त मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं और उनकी उंगली सौंदरराजन की ओर तनी हुई है। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही तरह तरह की बातें की जा रही थीं।

तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल सौंदरराजन ने बृहस्पतिवार शाम सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद उन्होंने पहली बार शाह से मुलाकात की और दोनों के बीच चुनाव पश्चात के 'कामकाज' के बारे में बातचीत हुई। उन्होंने कहा, 2024 के चुनाव के बाद कल मैंने पहली बार गृह मंत्री अमित शाह से आंध्र प्रदेश में मुलाकात की। उन्होंने मुझे बुलाया और चुनाव के बाद के कामकाज के बारे में और पेश आ रही चुनौतियों के बारे में पूछा। सौंदरराजन ने कहा, ''मैं उन्हें विस्तार से बता रही थी लेकिन वक्त की कमी थी इसलिए उन्होंने मुझे राजनीतिक तथा निर्वाचन क्षेत्र के काम को तेजी से करने की सलाह दी। यह सभी अनुचित अटकलों को स्पष्ट करने के लिए है।'' सौंदरराजन ने दक्षिण चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिव वह द्रविड़ मुनेत्र कषगम के तमिझाची थंगापांडियन से हार गईं थीं।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई में अंदरूनी कलह की अफवाहों के मद्देनजर उनकी टिप्पणी महत्वपूर्ण है। बुधवार को चेन्नई लौटने पर जब पत्रकारों ने उनसे शाह के साथ उनकी बातचीत और पार्टी के भीतर कलह के दावों के बारे में पूछा तो सौंदरराजन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## अन्नामलाई ने तमिलिसाई से की मुलाकात



**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने शुक्रवार को पार्टी नेता तमिलिसाई सौंदरराजन से मुलाकात की। सौंदरराजन से उनके आवास पर मुलाकात के बाद अन्नामलाई ने सोशल मीडिया मंच (एक्स) पर एक पोस्ट में कहा कि वह वरिष्ठ नेता तमिलिसाई से मिलकर बेहद खुश हैं, जिन्होंने पार्टी की तमिलनाडु इकाई की प्रमुख के रूप में कुशलतापूर्वक काम किया।

अन्नामलाई ने कहा कि सौंदरराजन ने जब राज्य में पार्टी का नेतृत्व किया था तब उन्होंने दृढ़ता से कहा था कि तमिलनाडु में कमल खिलेगा और इसे हासिल करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। अन्नामलाई ने कहा कि उनके राजनीतिक अनुभव के साथ ही उनकी सलाह पार्टी के विकास के लिए निरंतर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

सौंदरराजन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह अन्नामलाई से मिलकर खुश हैं। दोनों नेताओं की यह मुलाकात तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी हार के बाद सोशल मीडिया पर सौंदरराजन के समर्थकों और अन्नामलाई के बीच वाकयुद्ध के कुछ दिनों बाद हुई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एन चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनसे बातचीत की थी। उनकी बातचीत का एक वीडियो क्लिप राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया था।



# कोयंबतूर में उद्यानिधि स्टालिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के जगह का किया निरक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** कोयम्बटूर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए जगह का निरीक्षण युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने की। उन्होंने ओंडीपुथुर ओपन एयर जेल स्टेडियम का दौरा और निरीक्षण किया। कोयंबटूर जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर आवास और शहरी विकास मंत्री सु मुथुसामी, उद्योग मंत्री टीआरपी राजा, युवा कल्याण और खेल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अतुल्य मिश्रा, सदस्य सचिव, तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण मेगानाथ रेड्डी, जिला कलेक्टर क्रांति कुमार आदि उपस्थित थे।

# राजग के लिए विक्रवंडी उपचुनाव लड़ेगी पीएमके : अन्नामलाई

चेन्नई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने सर्वसम्मति से फैसला किया है कि पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 10 जुलाई को विक्रवंडी विधानसभा क्षेत्र में होने वाला उपचुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अन्नामलाई ने एक बयान में गठबंधन दलों से विक्रवंडी निर्वाचन क्षेत्र में राजग उम्मीदवार की जीत के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

पीएमके के प्रवक्ता के बालू ने संवाददाताओं को बताया कि अंबुमणि रामदास और संस्थापक एस रामदास के नेतृत्व में उनकी पार्टी का नेतृत्व उपचुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम पर विचार-विमर्श कर रहा है और पार्टी एक या दो दिन में उम्मीदवार की घोषणा कर देगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने जहां अपने पदाधिकारी अन्नियुर शिवा को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है, वहीं मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने अभी तक कोई घोषणा नहीं की है। तमिल राष्ट्रवादी पार्टी नाम तमिलर काची ने होम्योपैथी चिकित्सक अभिनया को अपना उम्मीदवार बनाया है।

स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत






चेन्नई में शुक्रवार को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन को दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिलने के बाद भाजपा कार्यालय कमलालय में स्वागत किया गया। तमिलनाडु भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई के उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई देते हुए कहा कि वह अपने सुखद व्यक्तित्व और अथक क्रियाकलापों से काफी काम करने वाले एल मुरुगन को केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में अपना उत्कृष्ट कार्य जारी आगे भी जारी रखेंगे। इस मौके पर प्रदेश इंचार्ज केसवन आदि उपस्थित थे।

# मैं नीट जैसे प्रवेश 'परीक्षा घोटाले' का अंत कर दूंगा : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि वह चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्टीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसे 'प्रवेश परीक्षा घोटाले' का अंत कर देंगे और अबाध शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र संपत्ति है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। स्टालिन ने कहा, लेकिन इसमें भी हम नीट जैसे प्रवेश परीक्षा घाटाले देख रहे हैं। यही कारण है कि हम इसका सख्ती से विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यहां स्कूली शिक्षा विभाग के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तमिलनाडु पहला राज्य था, जिसने कहा था कि 'नीट एक घोटाला' है और अब पूरे देश ने ऐसा कहना शुरू कर दिया है।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष स्टालिन ने कहा, हम निश्चित रूप से एक दिन इसका अंत कर देंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है। आपकी शिक्षा की राह में समाज, वित्तीय या राजनीतिक स्थिति बाधा नहीं बननी चाहिए। यह मेरा लक्ष्य है और यह शासन करने का हमारा द्रविड़ियन मॉडल है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुरोध करते हुए कहा, पढ़ो, पढ़ो और बिना कहीं रुके पढ़ना जारी रखो।

मुख्यमंत्री ने सलाह देते हुए कहा, ''आगे बढ़ना जारी रखो। आपकी नजर के सामने कोई विराम नहीं होना चाहिए, ...जीत की लय बरकरार रखें, चमकना जारी रखें, तमिलनाडु को गौरवान्वित करें।'' उन्होंने घोषणा की कि उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए सरकारी स्कूलों के छात्रों को 1,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने की 'तमिल पुधालवन' योजना अगस्त में शुरू की जाएगी।

# बीएचईएल को थर्मल पावर प्लांट के लिए दो बैक-टू-बैक ऑर्डर मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दो ऑर्डर मिले हैं। इनका कुल मूल्य 7,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। पहला ऑर्डर छत्तीसगढ़ के रायपुर ज़िले में स्थापित किए जा रहे 2800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए अडाणी पावर लिमिटेड से प्राप्त हुआ है। वहीं, दूसरा ऑर्डर उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2800 मेगावाट मिर्ज़ापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए एमटीईयूपीपीएल (अडानी पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) से मिला है। दोनों परियोजनाओं में बीएचईएल का कार्यक्षेत्र मुख्य संयंत्र उपकरण और संबंधित सहायक उपकरणों के विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ इरेक्शन एवं कमीशनिंग का पर्यवेक्षण करना है। परियोजनाओं के लिए प्रमुख उपकरण, जैसे-स्टीम जनरेटर, स्टीम टर्बाइन और जनरेटर का विनिर्माण कंपनी के त्रिची और हरिद्वार इकाइयों में किया जाएगा।

बीएचईएल अपने अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में स्थापित 1,68,000+ मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट के अपने पोर्टफोलियो के साथ बीएचईएल भारत का अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता है। बता दें कि देश में अब तक बीएचईएल को सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर के 73 सेट और सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर के 68 सेट के ऑर्डर मिले हैं।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

## तिरुपत्तूर के स्कूल में घुसा तेंदुआ

तिरुपत्तूर। तमिलनाडु में तिरुपत्तूर के एक निजी स्कूल परिसर में शुक्रवार को एक तेंदुआ घुस गया जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की एक टीम स्कूल पहुंची और सुनिश्चित किया कि स्कूली बच्चे सुरक्षित रूप से घर लौट जाएं। अधिकारी ने बताया कि जंगली पशु छुपा हुआ था और वन कर्मियों ने उसे बेहोश कर दिया।

## चेन्नईयिन एफसी ने कियान नासिरी से करार किया

चेन्नई। पूर्व चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया गया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

# कुवैत अग्निकांड : कोच्चि हवाई अड्डे पहुंचाए गए 31 भारतीयों के शव, दी गई श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोच्चि।** कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले कुल 45 भारतीयों में से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे और उनके शवों को शुक्रवार को सुबह विमान से कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने यहां मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कुवैत अग्निकांड में मारे गए भारतीयों के शव लेकर वहां से आया भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार को करीब 10.30 बजे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। भारतीय वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 भारतीयों के शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य भारतीयों के शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत 'देश के लिए एक बड़ी आपदा' के समान है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रवासी समुदाय के लिए भी बहुत बड़ी आपदा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा, ''यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्रवाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया।''

## प्रियजनों के शव वापस आने पर शोक संतप्त परिवार कोच्चि हवाई अड्डे पर एकत्र हुए

**कोच्चि।** कोचीन अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को अत्यंत हृदय विदारक माहौल था। कुवैत में भीषण अग्निकांड में मारे गए लोगों के शवों के ताबूत जब एक एक कर बाहर लाए जाने लगे तो वहां मौजूदा उनके प्रियजन चीत्कार कर उठे। कुवैत में भयावह अग्निकांड में मारे गये अपने प्रियजनों के शव लेने के लिए शोकाकुल परिवार शुक्रवार को यहां कोच्चि हवाईअड्डे पर एकत्र हुए। सबसे पहले उस ताबूत को हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल से बाहर लाया गया जिसमें अरुण बाबू का पार्थिव शरीर था। कोचीन अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल पर दृश्य हृदय विदारक था, क्योंकि वहां एकत्रित लोगों के आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में सात मंजिला इमारत के रसोईघर में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हुई थी और 50 अन्य घायल हुए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय थे और शेष पाकिस्तान, फिलिपीन, मिस्र और नेपाल के नागरिक थे। हादसे में मारे गए 45 भारतीयों के शवों को लेकर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का विमान पूर्वाह्न लगभग 10.30 बजे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, लेकिन आवश्यक सुरक्षा मंजूरी के मद्देनजर एक घंटे बाद ही ताबूतों को बाहर लाया जा सका। सुबह साढ़े छह बजे से ही शोकाकुल परिवार धैर्यपूर्वक इंतजार कर रहे थे। जैसे ही हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने पूर्वाह्न 11.30 बजे आयात कार्गो टर्मिनल से ताबूत लाने शुरू किए और उन्हें एक निर्धारित मंच पर रखना शुरू किया, माहौल बहुत ही ज्यादा गमगीन हो गया।

## कुवैत अग्निकांड ऐसी त्रासदी जिसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते : आरिफ मोहम्मद खान



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि कुवैत अग्निकांड एक ऐसी त्रासदी है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता और उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। खान ने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि लोग रोजगार के लिए अपना घर-बार छोड़कर विदेश जाने को क्यों मजबूर होते हैं, इस विषय पर दीर्घकालिक चिंतन की जरूरत है।

उन्होंने कहा, उनके पास नौकरी की तलाश में विदेश जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि स्थानीय स्तर पर कोई अवसर उपलब्ध नहीं है, इसलिए हमें दीर्घकालिक सोच-विचार करने की जरूरत है। खान ने कहा, यह वह समय है जब हमें शोक संतप्त परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करनी चाहिए और ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। यह इतनी गंभीर और हृदय विदारक त्रासदी है कि कोई नहीं जानता कि क्या कहा जाए।

# ईडी ने राजस्थान के जल जीवन मिशन मामले में नई गिरफ्तारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक नई गिरफ्तारी की है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि श्याम ट्यूबवेल कंपनी के संचालक पदमचंद जैन को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है।

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन (जेजेएम) का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है और इसे राजस्थान में राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य आभियांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। जांच एजेंसी ने इससे पहले साल की शुरुआत में पीयूष जैन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। ईडी का धनशोधन मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया था कि पदमचंद जैन, महेश मित्तल (गणपति ट्यूबवेल कंपनी के संचालक), पीयूष जैन और अन्य लोग सार्वजनिक स्वास्थ्य और आभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) से विभिन्न निविदाओं की प्राप्ति के संबंध में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने में शामिल थे।

एजेंसी ने पहले जारी एक बयान में आरोप लगाया कि संदिग्ध अपने ठेकों/अनुबंधों में उपयोग करने के लिए हरियाणा से 'चोरी' का सामान खरीदने में भी शामिल थे और उन्होंने पीएचईडी के अनुबंध प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इरकॉन के 'फर्जी' कार्य समापन पत्र भी जमा किए थे। ईडी ने दावा किया था कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन से धन का गबन करने में राजस्थान सरकार के पीएचई विभाग के अधिकारियों की मदद की थी।



# जवान सीमा पर कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी बिना थके अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों की बहादुरी की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि जवान सीमा पर कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी बिना थके अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। धनखड़ ने एक समारोह में बीएसएफ जवानों को संबोधित करते हुए जवानों के गर्मी के मौसम के दौरान भारत-पाकिस्तान सीमा पर भीषण गर्मी सहने की कठिन चुनौती पर टिप्पणी की। धनखड़ ने कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे बीएसएफ के जवानों प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी तपती धूप में कुछ मिनट भी खड़ा रहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ का वातावरण चुनौतीपूर्ण है और सीमा पर आपको एक पलक झपकाने की भी फुर्सत नहीं है।

एक बयान के अनुसार धनखड़ ने कहा कि हिमालय की ऊंची पहाड़ियाँ, थार का तपता हुआ रेगिस्तान, पूर्वोत्तर के घने जंगल, दल-दल से भरे रण-क्रीक में सीमा सुरक्षा बल के जवानों की जो मुस्तैदी है, वह बेमिसाल है। रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, एक जमाना था जब कील तक बाहर से आती थी लेकिन अब हम रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहे हैं। विमानवाहक पोत विक्रांत देश में बना, 'फ्रिगेट' देश में बने, तेजस बना, मिसाइलें बनी और यह मुमकिन इसलिए हुआ क्योंकि सीमाओं पर अमन-चैन आप कायम करते हो।

उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से कहा, आप शांति के दूत हैं, आपकी वजह से भारत दुनिया में शांति का दूत है और यह गर्व का विषय है सीमा सुरक्षा बल विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। मैं यहां से ऊर्जावान होकर जा रहा हूं, एक नयी प्रेरणा लेकर जा रहा हूं। रक्षा बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, भारत की बदलती हुई तस्वीर कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस पर हमने देखी जहां हमारी बेटियों ने कौशल का प्रदर्शन किया। यहां उनकी भागीदारी देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने शहीदों के परिवारों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। समारोह में बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, बीएसएफ पश्चिमी कमान के एसडीजी वाई बी खुरानिया, बीएसएफ के उप महानिरीक्षक विक्रम कुंवर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्ववर्ती सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल से जल' के संकल्प से लोगों को वंचित रखा : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल के पानी की योजना से प्रदेशवासियों को वंचित रखने का आरोप लगाया। करौली जिले के टोडाभीम के मुंडिया गांव में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतिगत निर्णयों के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। शर्मा ने पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल से जल' के संकल्प से प्रदेशवासियों को वंचित रखा। उन्होंने कहा राज्य में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकार ने केवल लुभावने वादे किए थे, गरीब से उनका कोई सरोकार नहीं था। लेकिन अब हमारी सरकार प्रदेशवासियों से किए प्रत्येक वादे को पूरा करेगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समृद्ध एवं खुशहाल किसान की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मूंडिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि स्व. कर्नल बैंसला के स्मरण में स्थानीय क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए उनके नाम से शैक्षणिक संस्थान खोलने पर राज्य सरकार विचार करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने अपना पूरा जीवन देश एवं समाज की सेवा में समर्पित किया।उनके अनुसार उनके जीवन से युवाओं को राष्ट्र को प्रथम मानकर देश-सेवा और सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए।

शर्मा ने कहा कि बैंसला ने लगभग तीन दशकों तक भारतीय सेना में रहते हुए चीन और पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद बैंसला ने समाज में असमानता, अशिक्षा और पिछड़ेपन के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।

शर्मा ने राज्य में पूर्व में गुर्जर आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बैंसला के बारे में कहा, उन्होंने बालिका शिक्षा, बाल विवाह और शादियों में फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने और दहेज प्रथा जैसी बुराइयों को खत्म करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा ने किया पदभार ग्रहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। देवनारायण बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा ने आज दोपहर सचिवालय स्थित बोर्ड के कार्यालय में विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भडाणा ने कहा कि वे इस दायित्व के माध्यम से सरकार कि नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगें। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार ने एक किसान के बेटे और सामान्य कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिमेदारी दी है। उन्होंने कहा कि देवनारायण बोर्ड के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाने का पूर्ण प्रयास रहेगा।

भडाणा ने कहा कि बोर्ड द्वारा संचालित आवासीय छात्रावासों एवं विद्यालयों में छात्र हित के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

वहीं बोर्ड का बजट दोगुने से अधिक करवा कर भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन के माध्यम से बोर्ड के उदेश्यों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड के अधिकारी एवं कार्मिकों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दुष्कर्म से आहत किशोरी ने आत्मदाह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में कोटा जिले के बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने दुष्कर्म से आहत होकर शुक्रवार को आत्मदाह करके जान दे दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाकरवाड़ा गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी को गुरुवार देर रात गांव के ही दो बदमाश जबरन ले गये और एक मकान में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद युवती के परिवारजन मौके पर पहुंचे तो बदमाशों ने उनके और उनके परिवार के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गये।

इसी दौरान घटना के बाद आहत पीड़ित युवती ने घर पहुंचकर अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया।

मौके पर मौजूद परिजन अचानक हुये इस घटनाक्रम से हतप्रभ रह गये और वे आनन फानन में युवती को कोटा लेकर आये और उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन अत्यंत अधिक झुलस जाने से तड़के उसकी मौत हो गयी। शव एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाना है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। दोनों बदमाश घटना के बाद से ही फरार हैं।




# नई शिक्षा नीति के आलोक में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने वाले पाठ्यक्रम बने : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के आलोक में इस तरह के पाठ्यक्रम निर्मित हों जिनसे युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रेरित नहीं हों बल्कि उनकी दृष्टि व्यापक हों। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय में संविधान पार्क की स्थापना की गयी है। इसका उद्देश्य यही रहा है कि उच्च शिक्षा के साथ-साथ युवा संविधान की संस्कृति से प्रत्यक्ष जुड़ सके।

मिश्र शुक्रवार को राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह और वहां निर्मित संविधान उद्यान के लोकार्पण में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान सर्वोच्च है। भारतीय संविधान मानवीय अधिकारों और कर्तव्यों का वैश्विक दस्तावेज है। उन्होंने नई पीढ़ी को संविधान प्रदत्त कर्तव्यों की पालना के लिए प्रतिबद्ध रहते हुए राष्ट्र निर्माण में भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के शिक्षा दर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे यहां व्यष्टि की बजाय समष्टि पर जोर है। शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो समय और देश की परिस्थितियों के अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल अपने लिए नहीं प्राप्त शिक्षा का संपूर्ण समाज के हित के लिए उपयोग करे। उन्होंने अलवर के इतिहास और पौराणिक संदर्भों के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा शोध और अनुसंधान की नई राहों का निर्माण किए जाने, विश्वविद्यालय में भर्तृहरि शोध पीठ स्थापित करने और स्थानीय भाषा, साहित्य, संस्कृति और जीवन के संदर्भों में भारतीय संस्कृति की समृद्धता के लिए कार्य करने पर भी जोर दिया।

मिश्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य और अभ्यास मनुष्य-निर्माण ही होता है। विश्वविद्यालय ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करें जिनसे युवा भारत के सुनहरे भविष्य के लिए कार्य कर सके। राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय परीक्षा वर्ष 2023 के अंतर्गत 39 स्वर्ण पदकों में से 28 स्वर्ण पदक एवं 6 रजत पदकों में से 5 रजत पदक छात्राओं द्वारा प्राप्त किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि इस विश्वविद्यालय में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन में बेटियां अग्रणी हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए जाने का आह्वान किया। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर विश्वविद्यालय छात्रा टीना शर्मा द्वारा जूड़ो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और अन्य चार छात्राओं के 'खेलो इंडिया' में चयन पर छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने समारोह में मेडल एवं डिग्रियां प्राप्त करने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराजा भर्तृहरि की तपोभूमि अलवर की संस्कृति का अपना विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत का संकल्प लिया गया है जिसे हम सभी को मिलकर राष्ट्रनिर्माण में इसे पूरा करना है, तभी सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास सफल होगा।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने महाराजा भर्तृहरि की तपोभूमि पर अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस दीक्षान्त समारोह में जिस प्रकार बेटियां अव्वल रही है वह समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। अब हमारी बेटियां शिक्षा के माध्यम से आगे बढकर अपने व माता-पिता के सपने साकार कर रही है तथा राज्य सरकार द्वारा नित नवाचार कर आने वाले समय में बेटियों को आगे बढाने के सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

# विकास की गाड़ी' को फिर 'रफ्तार' देने में जुटी राज्य सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आचार संहिता के समाप्त होते ही विकास की गाड़ी को फिर से रफ्तार देने में जुट गई है। इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति को जाना। बैठक में मंत्री खर्रा ने विभाग की विभिन्न पॉलिसीज और टाउनशिप पॉलिसीज के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना, टाउन प्लानिंग एक्ट आदि में आवश्यक सुधार करने के लिए सुझाव दिया। मंत्री खर्रा ने आवश्यक संशोधनों को सम्मिलित कर पत्रावली अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने आवासन मण्डल, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम में आपसी समन्वय हेतु प्रमुख शासन सचिव के स्तर पर बैठक कर समान विषयों और प्रकरणों की सूची बनाने के भी निर्देश दिए।

मंत्री खर्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के विभागों के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार के स्तर पर लम्बित प्रकरणों की सूची बनाकर प्रस्तुत करने और केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं एवं नगरीय निकायों के हिस्सा राशि संबंधी प्रस्ताव तैयार कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही पट्टे आवंटन की प्रकिया में सुधार पर कार्य करने और पूर्व के पट्टे आवंटन संबंधी शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिएं। मंत्री खर्रा ने पी.एम. ई-बस सेवा संबंधी डिपो हेतु भूमि आवंटन की प्रकिया शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही मेट्रो के फेज-2 की डीपीआर बनाने में गति प्रदान करने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री खर्रा ने कहा कि आवासन मण्डल के कोचिंग हब में भूखण्डों हेतु कम लोगों ने रूचि दिखाई है। ऐसे में इन्हें गति प्रदान करने हेतु कोचिंग संचालकों के साथ समय समय पर बैठक की जाए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न नगर पालिकाओं में नागरिक सेवाओं से संबंधित लम्बित मुद्दों को शीघ्र निपटाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही विभिन्न शिलान्यास-लोकार्पण की सूची बनाने, अन्नपूर्णा योजना का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत, स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक सुरेश ओला, आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर मेट्रो, मुख्य नगर नियोजक एवं वित्तीय सलाहकार स्वायत्त शासन विभाग सम्मिलित हुए।

# प्रदेश के पत्थर उद्योग को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। इंडिया स्टोनमार्ट के 5 फरवरी, 2026 से प्रस्तावित 13 वें संस्करण के आयोजन के लिए शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के मध्य समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस एमओयू से इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन को नए आयाम मिलेंगे और प्रदेश के पत्थर उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि इससे वैश्विक स्तर पर भी राजस्थान के पत्थर एवं इससे जुड़े अन्य उद्योगों के विकास की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने कहा कि लघु भारती उद्योग पहली बार सह आयोजक के रूप में इंडिया स्टोन मार्ट से जुड़ने जा रहा है, संगठन के सदस्यों की ऊर्जा से इंडिया स्टोन मार्ट निश्चित ही नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने की राह में इंडिया स्टोन मार्ट-2026 पत्थर एवं इससे जुड़े उद्योगों के क्षेत्र में प्रदेश की दशा और दिशा बदलने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट के आगामी आयोजन में नवाचार के साथ ही कौशल विकास को बढाने का भी पूरा प्रयास रहेगा।

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चन्द्र ने कहा कि प्रदेश में खनिज एवं पत्थरों का विपुल भंडार है। यहां के पत्थर एवं कारीगर देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट जैसे भव्य आयोजनों से उद्यमियों एवं निवेशकों को अपने व्यापार विस्तार का बेहतर अवसर मिल पाता है। इस अवसर पर रीको के अध्यक्ष अजिताभ शर्मा एवं प्रबंध निदेशक शिवप्रकाश नकाते, सीडॉस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकुल रस्तोगी, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्र सरकार ने अंग प्रत्यारोपण फर्जी एनओसी प्रकरण मामले की कार्वाई को सराहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केन्द्र सरकार ने अंग प्रत्यारोपण फर्जी एनओसी प्रकरण मामले में राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार की सख्त कार्रवाई के साथ उठाये गये कदमों को सराहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक प्रो. डॉ. अतुल गोयल ने इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह को पत्र लिखकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही की प्रशंसा की है।

श्रीमती सिंह ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में चिकित्सा विभाग द्वारा अनधिकृत रूप से अंग प्रत्यारोपण के मामलों में जांच के लिये हाई लेवल कमेटी गठित करने, इसमें लिप्त चिकित्सकों एवं अस्पतालों के विरुद्ध थोटा एक्ट- 1994 के निर्धारित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कराने, अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त करने जैसे कड़े कदम उठाये गये हैं।

साथ ही, प्रदेश में अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिये ऑथोराइजेशन एवं एडवाजरी कमेटी का गठन, सोटो की स्टीयरिंग कमेटी का पुनर्गठन करने तथा विभिन्न एसओपी बनाने जैसे महत्वपूर्ण प्रयास किये गए हैं। पारदर्शितापूर्वक अंग प्रत्यारोपण के लिये डोनर एवं रिसीवर की नोटो आईडी अनिवार्य की गयी है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने पत्र में कहा है कि अंगदान एवं प्रत्यारोपण के कार्य में नैतिकता एवं पारदर्शिता लाने की दिशा में लगातार सख्त कार्रवाई कर राजस्थान ने एक बेहतर उदाहरण पेश किया है। साथ ही, अंगदान जैसे महान कार्य का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर लोगों में इसके प्रति जागृति पैदा करने एवं जरूरतमंदों का जीवन बचाने की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा किये गये प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे।

# सिक्किम में बारिश-भूस्खलन के कारण 1,200 से अधिक पर्यटक फंसे, मुख्यमंत्री ने हालात का जायजा लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







**गंगटोक/भाषा।** उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश से बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के कारण 15 विदेशी सहित 1,200 से अधिक पर्यटक फंस गए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सिक्किम के पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग के प्रधान सचिव सी एस राव ने एक बयान में कहा कि मुख्य सचिव के कार्यालय ने मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सभी पर्यटकों को हेलीकॉप्टर के जरिये निकालने के लिए केंद्र के साथ वार्ता शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए मिंटोकगांग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। भूस्खलन से पर्वतीय राज्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है और कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क, बिजली और खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क अवरुद्ध हुआ है।

राव ने एक बयान में कहा, ''प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो जाने से लगभग 1,200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक (थाईलैंड के दो, नेपाल के तीन, बांग्लादेश के 10) मंगन जिले के लाचुंग में फंसे हुए हैं।'' उन्होंने कहा कि फंसे हुए पर्यटक सुरक्षित हैं और स्थानीय अधिकारियों ने उनसे अपने-अपने स्थानों पर ही रहने तथा जोखिम मोल लेने से बचने को कहा है।

अधिकारी ने कहा कि सभी फंसे हुए पर्यटकों के लिए राशन का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा, ''यदि आवश्यक हुआ तो पर्यटकों को सड़क मार्ग से निकाला जाएगा और विभाग वहां फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए स्थानीय पर्यटन हितधारकों के साथ-साथ मंगन में जिला प्रशासन, पुलिस और पर्यटन अधिकारियों के साथ समन्वय कर काम कर रहा है।'' उन्होंने पर्यटकों को इस प्राकृतिक आपदा में हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। राव ने कहा कि केवल लाचुंग ही राज्य के बाकी हिस्सों से कटा हुआ है और सिक्किम के अन्य सभी हिस्से खुले और यात्रा के लिए सुरक्षित हैं।


एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जिले में भारी बारिश होने से भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और कई मकान जलमग्न हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि बिजली के खंभे बह गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बैठक ''सामान्य स्थिति बहाल करने तथा हमारे निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिक्रिया की रणनीति बनाने और समन्वय करने को लेकर महत्वपूर्ण थी।''

अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण बृहस्पतिवार को मंगन जिले में कई जगहों पर भूस्खलन हुआ और संगकालांग में एक नवनिर्मित पुल ढह गया, जिससे उत्तरी सिक्किम में बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए। बांस का एक पुल भी टूट गया।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, फिदांग में पुल निर्मित करने के लिए प्रयास जारी है ताकि वहां सड़क संपर्क बहाल किया जा सके।

# 'नीट घोटाला' दूसरा 'व्यापम' है, प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से जुड़ी परीक्षा 'नीट-स्नातक' में कथित धांधली के लिए शुक्रवार को इसे 'व्यापम 2.0' करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर मूकदर्शक क्यों बने हुए हैं।

मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में फोरेंसिक जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बयान में आरोप लगाया कि मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट घोटाले की लीपापोती चालू कर दी है। उन्होंने सवाल किया, ''अगर नीट में पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को पेपर लीक के चलते गिरफ़्तार क्यों किया गया? क्या रैकेट में शामिल शिक्षा माफिया व संगठित गिरोह को पेपर के बदले 30-50 लाख रुपये तक के भुगतान का पटना पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पर्दाफ़ाश नहीं किया? गुजरात के गोधरा में नीट-स्नातक में धोखाधड़ी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ नहीं हुआ है? '' उन्होंने यह सवाल भी किया, ''अगर मोदी सरकार के मुताबिक़ नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ तो ये गिरफ़्तारियां क्यों हुई? इससे क्या निष्कर्ष निकला? क्या मोदी सरकार देश की जनता की आंखों में पहले धूल झोंक रही थी या अब?''

खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने 24 लाख युवाओं के अरमानों का गला घोंटा है। उन्होंने दावा किया, ''इन एक लाख सीट (एमबीबीएस की) में से क़रीब 55,000 सरकारी कॉलेज की सीट हैं जहां एससी, एसटी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित होती हैं। मोदी सरकार ने एनटीए का दुरुपयोग कर स्कोर और रैंक की ज़ोरदार धांधली की है जिससे आरक्षित सीटों का कटऑफ भी बढ़ गया है।''

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा की नई सरकार ने शपथ लेते ही युवा सपनों पर फिर से प्रहार शुरू कर दिया। नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियों पर शिक्षा मंत्री का अहंकार भरा जवाब 24 लाख छात्रों एवं उनके अभिभावकों की चीख-पुकार की पूरी तरह से अनदेखी करता है।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या शिक्षा मंत्री जी को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते? क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्रवाइयां हुईं और गिरोह पकड़े गए, सरकार उन्हें भी झूठा मानती है? क्या 67 टॉपर को पूरे मार्क्स मिलना भी झूठ है? लाखों युवाओं और उनके माता-पिता की अनदेखी कर सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है? क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए?''

कांग्रेस महासचिव ने यह सवाल भी किया कि क्या सरकार की ये जिम्मेदारी नहीं बनती कि छात्रों व अभिवावकों की बात की अनदेखी करने की बजाय, शिकायतों पर गंभीरता से गौर करे व कार्रवाई करे? उन्होंने कहा, ''भाजपा सरकार को अपना अहंकार त्यागकर युवाओं के भविष्य के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उपाय करने चाहिए।''

# झारखंड सरकार दो लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



रांची/भाषा। झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने 1.91 लाख से अधिक किसानों को राहत पहुंचाने की कोशिश के तहत दो लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ करने का निर्णय लिया है।

यहां राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मंत्री ने बैंकों को इस संबंध में प्रस्ताव पेश करने को कहा। उन्होंने कहा, ''किसानों द्वारा 31 मार्च, 2020 तक लिये गये 50,000 से दो लाख रुपये तक के ऋण को एकमुश्त समाधान के तौर पर माफ कर दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि 2021-22 के दौरान राज्य सरकार ने 50,000 रुपये तक के फसल ऋण को माफ करने की घोषणा की थी।

पत्रलेख ने कहा, ''अपने वादे के मुताबिक राज्य सरकार ने 4.73 लाख से अधिक किसानों के 50000 रुपये तक के ऋण को माफ किया है। झारखंड सरकार ने बैंकों को 1900 करोड़ रुपये दिये हैं।''

उन्होंने बैंक अधिकारियों को गैर निष्पादित परिसंपत्तियां बन चुके खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने को भी कहा है ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके।



# जम्मू में आतंकी हमले के खिलाफ पीडीपी ने प्रदर्शन किया


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के खिलाफ शुक्रवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र शासित प्रदेश में शांति बहाली के सरकार के दावों के विपरीत 'चिंताजनक' सुरक्षा स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा। पीडीपी के अतिरिक्त महासचिव राजिंदर मन्हास और प्रवक्ता एस वरिंदर सिंह सोनू की अगुवाई में पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गांधी नगर स्थित पीडीपी कार्यालय से विरोध मार्च निकाला।

प्रदर्शनकारी पुलिस अवरोधकों को तोड़कर आगे बढ़े और कार्यालय लौटने से पहले जम्मू-हवाई अड्डा मार्ग के निकट कुछ देर के लिए धरना दिया।

# कोलकाता के शॉपिंग मॉल में भीषण आग, कोई घायल नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोलकाता/भाषा। कोलकाता में पार्क स्ट्रीट क्षेत्र में बंद पड़े एक रेस्तरां में आग लगने के तीन दिन बाद ही दक्षिणी हिस्से में स्थित एक शॉपिंग मॉल की तीसरी मंजिल पर शुक्रवार को भीषण आग लग गई, जिसके बाद अधिकारियों को पूरी इमारत खाली करानी पड़ी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कस्बा इलाके में स्थित मॉल की तीसरी मंजिल पर लगी आग में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, हालांकि 16 दमकल गाड़ियों को आग पर काबू पाने में करीब ढाई घंटे का समय लगा।

अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आग पर काबू पा लिया गया है और शीतलन प्रक्रिया चल रही है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। यह वातानुकूलन प्रणाली (एयर कंडीशनिंग सिस्टम) से लगी होगी। फॉरेंसिक टीम मामले की जांच करेगी और सटीक कारण का पता लगाएगी।''

शॉपिंग मॉल की तीसरी मंजिल पर एक बुक स्टोर में दोपहर 12 बज कर करीब 15 मिनट पर आग लगी और देखते देखते अन्य जगहों पर फैल गई। आग की वजह से मॉल के शीशे टूट गए और पूरे परिसर में धुआं फैल गया।

अधिकारी ने कहा कि कुछ अग्निशमन कर्मियों को इमारत में प्रवेश करने के लिए ऑक्सीजन मास्क पहनना पड़ा। आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक सीढ़ियों का भी इस्तेमाल किया गया।

कोलकाता यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूरा इलाका धुएं से भर गया है और मॉल के सामने यातायात रोक दिया गया।

राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस घटनास्थल पर पहुंचे और कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

# प्याज किसानों के असंतोष के कारण लोस चुनाव में कम सीट मिलीं : अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



पुणे/भाषा। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के खराब प्रदर्शन के कारणों में प्याज के कम दाम समेत इससे जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर किसानों में असंतोष का मुद्दा भी शामिल रहा। उन्होंने कहा कि शिवसेना-भाजपा-राकांपा के गठबंधन को नासिक समेत राज्य के प्याज उत्पादन क्षेत्र में किसानों के असंतोष की कीमत चुकानी पड़ी जहां सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी तीन दिन पहले माना था कि किसानों की नाराजगी महायुति गठबंधन के खराब प्रदर्शन का कारण रही।

शिंदे ने कहा था, ''नासिक में हमें प्याज ने रुलाया, मराठवाड़ा और विदर्भ में सोयाबीन और कपास ने रुलाया।''

अजित पवार ने पुणे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वे प्याज के लिए समर्थन मूल्य की जरूरत के बारे में लगातार बोल रहे हैं और किसानों तथा उपभोक्ताओं, दोनों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महायुति को जलगांव और रावेर को छोड़कर प्याज उत्पादक पट्टी के सभी लोकसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा।

खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र द्वारा पिछले साल दिसंबर में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के कारण किसानों ने, खासकर नासिक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया। अंततः मई की शुरुआत में प्रतिबंध हटा लिया गया था।

शिवसेना और उसकी सहयोगी भाजपा क्रमश: नासिक और डिंडोरी लोकसभा सीट पर हार गए। गठबंधन को मराठवाड़ा में केवल एक सीट और विदर्भ में केवल दो सीट पर जीत मिली।

# अरुंधति रॉय के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने को दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ वर्ष 2010 में यहां एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज निवास के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली की अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रॉय और हुसैन की तरफ से इसपर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस मामले में कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर 28 अक्टूबर, 2010 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# छह करोड़ मूल्य की याबा गोलियां जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि कछार जिले में शुक्रवार को छह करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गईं और इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने अंतर-राज्यीय सीमा क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया और तीन लोगों को पकड़ा, जिनके पास छह करोड़ रुपये मूल्य की 21 हजार याबा गोलियां थीं।'' याबा उत्तेजक पदार्थों का एक संयोजन हैं, जिसमें मेथाम्फेटामाइन और कैफीन होती है। 'क्रेजी मेडिसिन', 'मैडनेस ड्रग' या 'नाजी स्पीड' जैसे इसके कई उपनाम हैं। शर्मा ने कहा कि यह खेप पड़ोसी राज्य से लाई जा रही थी। हालांकि मुख्यमंत्री ने किसी राज्य का नाम नहीं लिया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि नशीली दवाएं मिजोरम से यहां पहुंची हैं। इससे पूर्व, बुधवार को करीमगंज जिले से 66 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की दो लाख 20 हजार याबा गोलियां जब्त की गई थीं।

# कश्मीरी पंडित मातृभूमि पर लौटें, यह रिश्तों को फिर से जोड़ने का वक्त: मीरवाइज उमर फारूक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



श्रीनगर/भाषा। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीरी पंडितों से अपनी मातृभूमि लौटने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह वक्त मेल-मिलाप और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का है।

यहां नौहट्टा क्षेत्र में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में जुमे (शुक्रवार) की नमाज के लिए जुटे लोगों को संबोधित करते हुए फारूक ने 'मेला खीर भवानी' के मौके पर कश्मीरी पंडित समुदाय को मुबारकबाद दी।

हजारों कश्मीरी पंडितों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला स्थित माता खीर भवानी मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना की।

मेला खीर भवानी 'रंग्या देवी' को समर्पित खीर भवानी मंदिर में एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह जम्मू-कश्मीर के अन्य मंदिरों में भी 'ज्येष्ठ अष्टमी' के मौके पर मनाया जाता है।

कश्मीर में आतंकवाद के भड़कने के बाद 1990 में बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित अपने घर छोड़कर घाटी से पलायन कर गए थे।

मीरवाइज़ ने कहा कि समुदाय को अपनी मातृभूमि पर लौट आना चाहिए जो उनका इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा, आज 'मेला खीर भवानी' है और मैं इस मौके पर हमारे कश्मीरी पंडित समुदाय को मुबारकबाद देना चाहता हूं। मैं एक बार फिर उनसे कहूंगा कि वे अपनी मातृभूमि पर लौट आएं जो उनका इंतज़ार कर रही है और यहां वैसे ही रहें जैसे वे अतीत में हमारी साझा विरासत में रहते थे। अब वक्त आ गया है कि हम मेल-मिलाप करें और टूटे हुए रिश्तों को फिर से जोड़ें।

यहां डल झील में शिकारा की सवारी के दौरान दो लोगों द्वारा कथित तौर पर शराब पीने की घटना का जिक्र करते हुए हुर्रियत अध्यक्ष ने कहा, इस घृणित घटना ने हम सभी को झकझोर दिया है।

पुलिस ने घटना का मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि इस्लाम के मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित कश्मीर की संस्कृति बरकरार रहे। हमें हर समय इसके बारे में जागरूक रहना होगा और इसे संरक्षित करने के लिए सचेत रूप से काम करना होगा।

हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में इस महीने की शुरुआत में कथित तौर पर पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच होनी चाहिए और आरोपियों को दंडित किया जाना चाहिए।

# कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें, बारिश के खलल की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लॉडरहिल (अमेरिका)/भाषा।** भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवत: आखिरी मौका है।

भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पंत ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमश: 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है।

अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन पिचों' (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पंड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। पंड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है क्योंकि ये दोनों आईपीएल में नाकाम रहे थे।

## सुविचार

**तस्वीर के रंग चाहे जो भी हो,
किन्तु मुस्कान का रंग,
हमेशा खुबसूरत ही होता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जमीन से जुड़ाव जरूरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार द्वारा लोकसभा चुनाव नतीजों पर की गई टिप्पणी के बाद विभिन्न राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी उसके कई मायने निकालेंगे। नतीजों का सार तो यह है कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की सरकार बन गई, नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए, कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष अपनी सीटों की बढ़ी हुई संख्या के साथ खुद को ऊर्जावान महसूस कर रहा है। हकीकत यह भी है कि इंडि गठबंधन को पूरा जोर लगाने के बावजूद सत्ता नसीब नहीं हुई। हां, इन चुनाव नतीजों का विश्लेषण होता रहेगा। कम-से-कम अगले लोकसभा चुनाव तक तो इनकी चर्चा जारी रहेगी। भाजपा को यह ताना मिलता रहेगा कि वह 400 पार का दावा कर रही थी, लेकिन अपने बूते 272 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। वहीं, लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की लगातार तीसरी हार को लेकर इस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की रीति-नीति पर सवाल उठते रहेंगे। वास्तव में इस बार लोकसभा चुनाव नतीजे देखकर बड़े-बड़े बुद्धिजीवी चकरा गए। अगर बड़े एग्जिट पोल्स को छोड़ दें तो ऐसे कई विश्लेषक, जो अपने यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जिनमें से कई तो लाखों दर्शकों द्वारा देखे जाते हैं, वे भी चार जून के बाद माफी मांगते नजर आए। उन्होंने स्वीकार किया कि उनसे कहीं-न-कहीं भूल हुई, इसलिए वे सही आकलन नहीं कर पाए। मतदाता ने न तो भाजपा को पूरी तरह हराया और न कांग्रेस को पूरी तरह जिताया। उसने राजनीतिक दलों को अपनी ताकत का एहसास करा दिया कि बड़े नेता, बड़े भाषण और बड़े दावे अपनी जगह हैं। भीड़ देखकर, जय-जयकार सुनकर इस भ्रम में न रहें कि सभी वोट आपको मिल जाएंगे।

जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब 'अच्छे दिन आने वाले हैं' के नारे ने लोगों में उम्मीद जगाई थी। इस नारे ने मतदाता के मन में आशा का संचार किया था कि मोदी ने जिस तरह गुजरात में विकास किया, उसी तरह देश का विकास करते हुए उनकी ज़िंदगी से तकलीफों को दूर कर देंगे। साल 2019 में राष्ट्रवाद की लहर के साथ 'फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे ने भाजपा कार्यकर्ताओं और मोदी समर्थकों में जोश भर दिया था। वहीं, 'अबकी बार, 400 पार' के नारे में ये बातें गायब थीं। इसने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को अति-आत्मविश्वास से भर दिया। उनमें निष्क्रियता घर करने लगी थी। ऐसे कई इलाके हैं, जहां लोग यह कहते नजर आए कि हमारे यहां भाजपा का न तो कोई कार्यकर्ता आया और न ही किसी नेता ने दर्शन दिए। अलबत्ता वे सोशल मीडिया पर पोस्ट खूब डालते रहे। जब भाजपा कार्यकर्ताओं – खासकर उन इलाकों में जहां वे मौजूदा लोकसभा सांसद / उम्मीदवार से संतुष्ट नहीं थे और उन्हें चुनाव में हारता हुआ देखना चाहते थे – ने इस नारे को सुना तो उन्हें लगा कि हम तो 400 पार कर ही रहे हैं, अगर हमारे लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हार जाएगा तो उससे पार्टी के प्रदर्शन पर खास फर्क नहीं पड़ेगा। कई सीटों पर भाजपा कार्यकर्ता टिकट वितरण को लेकर नाराज थे। अन्य दलों के नेता, जिनमें कुछ दागी पृष्ठभूमि से थे, जिनके खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता खूब विरोध-प्रदर्शन करते थे, जब वे पार्टी में शामिल होकर अधिक मान-सम्मान और टिकट वितरण में तरजीह पाने लगे तो जमीन पर सक्रिय कार्यकर्ताओं ने खुद को उपेक्षित महसूस किया। इन सब बातों का असर नतीजों में दिखाई दिया। जमीन से जुड़े हुए, आम लोगों के बीच जाकर उनसे बात करने वाले, उनके मुद्दे उठाने वाले कार्यकर्ता किसी पार्टी की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं, जो वक्त आने पर इतिहास रच देते हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह अपनी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को यह बात बेहतर ढंग से इसलिए भी समझा सकते हैं, क्योंकि वे खुद जमीनी स्तर पर काम करते हुए यहां तक पहुंचे हैं।

## ट्वीटर टॉक



कोटा-बूंदी के परिवारजन का मेरे प्रति यह विश्वास ही मुझे उनकी सेवा में सतत समर्पित रहने को प्रेरित करता है। कोटा स्थित लोक सभा कैंप कार्यालय में आमजन से संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना तथा आशाओं-अपेक्षाओं को जाना।

**-ओम बिरला**



वनाग्नि हादसे में वीरगति को प्राप्त अदम्य साहसी वनकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि। बाबा केदार से दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति एवं घायल वनकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**




आपका एक रक्तदान किसी के जीवन के लिए वरदान हो सकता है! आइए, विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हम सब ये संकल्प लें कि बीमार, दुर्घटना में घायल या जरूरतमंद किसी भी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर जरूर रक्तदान करेंगे एवं दूसरों को प्रेरित भी करेंगे।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# विचार की उपयोगिता



एक बार बुद्ध जीवन पर सोच-विचार तथा कल्पना के प्रभाव को लेकर शिक्षा दे रहे थे। विचार का यह प्रभाव दैनिक जीवन में समझाने के उद्देश्य से बुद्ध ने सभी को कुछ लंबी तथा मजबूत झाड़ीनुमा लकड़ी सौंप दीं कि इनका उपयोग करके मुझे सूचित करना। एक अनुयायी ने तो वह झाड़ी सुखाकर जला दीं और उपयोग हेतु राख जमा कर ली। दूसरे ने उसकी बाड़ बनाकर एक क्यारी में लगा दी। तीसरे ने ऊपर चढ़ती लता को सहारा देने के लिए उपयोग में ली। चौथे ने उनकी सहायता से एक छप्पर को ढक कर सुरक्षित कर दिया। और एक ने तो कमाल ही किया उसने इनको बारीक काटकर इनसे अस्थाई कलम बना ली, जिससे चट्टान पर चित्रकला अथवा पत्थर पर लेखन का काम हो सके। उन सबकी बात सुनकर बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार ही हमें किसी चीज की उपयोगिता के बारे में बताते हैं।

## सामयिक

# नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर विपक्ष हुआ आक्रामक

**अशोक भाटिया**
**मोबाइल : 9221232130**




कांग्रेस ने गुरुवार को पूरे राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि है कि मोदी सरकार के कार्यों के कारण नीट-यूजी2024 परीक्षा में बैठने वाले 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर है।'' एक एक्स पोस्ट में खड़गे ने कहा कि ''नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स ही एकमात्र समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। मोदी सरकार की हरकतों से नीट परीक्षा में शामिल होने वाले 24 लाख छात्रों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा केन्द्र और कोचिंग सेन्टर का एक गिरोह बन चुका है। जिसमें 'पैसे दो-पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। मोदी सरकार छ्ढ- के कंधों पर अपनी कारगुज़ारियों का दारोमदार रखकर, अपनी जवाबदेही से पीछा नहीं छुड़ा सकती। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे छ्एएढ घोटाले में कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक निष्पक्ष जाँच की माँग करती है। जाँच के बाद दोषियों को कड़ी-से कड़ी सज़ा दी जाए और लाखों छात्र-छात्राओं को मुआवज़ा देकर उनका साल बर्बाद होने से बचाया जाए। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

दरअसल देशभर में नीट परीक्षा में मेडिकल स्टूडेंटस अभी भी पेपर लीक को लेकर एनटीए पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने बेशक ग्रेस मार्क्स वाले 1563 अभ्यार्थियों के एग्जाम दोबारा कराने के लिए कहा है, लेकिन बिहार पुलिस की जांच का क्या? जो कहती है कि नीट का पेपर लीक हुआ था। गौरतलब है कि 5 मई को हुई नीट परीक्षा में बिहार पुलिस ने पेपर लीक मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था, इसके बाद जांच हुई और उसमें सामने आया कि 5 मई की परीक्षा से पहले लगभग 35 उम्मीदवारों को छ्एएढ-णत्र्के प्रश्नपत्र और उत्तर उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन अभी तक इस मामले में सख्त एक्शन नहीं लिया गया और ना ही एनटीए की तरफ से कोई जवाब सामने आया है।

छात्रों का कहना है कि नीट परीक्षा में शुरू से ही गड़बड़ी है। पेपर लीक को लेकर छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था लेकिन परीक्षा को नहीं रोका गया। री-एग्जाम के फैसले के बाद छात्रों का गुस्सा और भी ज्यादा फूट रहा है। उनका कहना है कि एनटीए ने अपनी गलती छुपाने के लिए यह किया, इससे 23 लाख छात्रों का इंसाफ नहीं मिला है। बिहार पुलिस का कहना है कि जो पेपर बिहार पुलिस ने बरामद किए हैं, अभी तक ये ही साफ नहीं हो पाया है कि क्या वो लीक पेपर था या नहीं, क्योंकि इसको लेकर नीट ने कोई जवाब नहीं दिया है। जांच में सामने आया था कि पेपर बिहार में मध्य प्रदेश और गुजरात से आया था। सूत्रों की मानें तो पेपर ट्रांसपोर्टेशन के दौरान लीक हुआ है। यही नहीं, बिहार पुलिस को जले हुए लीक प्रश्न पत्र भी मिले हैं, जिसको लेकर एनटीए की तरफ से अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं किया गया है। पेपर लीक में 13 लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में कुछ कैंडिडेट्स के परिजन और दलाल शामिल हैं। नीट पेपर लीक मामले में कई आरोपियों का कुबूलनामा पुलिस के पास है। एनटीए ने बिहार से बरामद हुए जले हुए 'लीक पेपर' के बारे में अपनी रिपोर्ट पुलिस को अभी तक नहीं दी है।

पुलिस ने पेपर लीक मामले में सबसे पहले सिकंदर नाम के शख्स को पकड़ा था उसके बारे में बिहार पुलिस को इनपुट मिला था। आरोपियों ने कई सेंटरों और सेफ हाउस में पेपर सॉल्वर बिठाए थे। इनके पास पहले से ही प्रश्नपत्र मौजूद थे। जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को अखिलेश और बिट्टू के साथ शास्त्रीनगर पुलिस ने बेली रोड पर राजवंशी नगर मोड़ पर नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया था। इनके पास से कई नीट प्रवेश पत्र मिले थे।

यादवेंदु द्वारा बताए गए इनपुट के आधार पर छापेमारी के बाद आयुष, अमित और नितिश को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पेपर लीक को लेकर बिहार के नालंदा के संजीव सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। बिहार पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह ने संदिग्ध शैक्षिक परामर्श और कोचिंग केंद्रों के माध्यम से छात्रों से संपर्क किया था। गिरफ्तार आरोपियों में से एक अमित आनंद खुद पटना में एक एजुकेशनल कंसल्टेंसी चलाता था। बिहार पुलिस की जांच में सामने आया कि प्रश्न पत्र विभिन्न राज्यों में एनटीए के नोडल स्थानों में प्रिंटिंग फर्म से एकत्र किए गए थे, जहां से उन्हें स्थानीय बैंकों को भेजा गया। इसके बाद परीक्षाओं से पहले केंद्रों पर भेजा गया। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई की जांच से पता चला है कि प्रश्न पत्रों की आवाजाही में शामिल एजेंसियों के कर्मचारियों ने ट्रांसपोर्टेशन के दौरान पेपर लीक किया है।

बिहार की आर्थिक अपराध इकाई की जांच से संकेत मिलता है कि यह वही गिरोह है, जो बीपीएससी टीआरई से संबंधित प्रश्न पत्र लीक करने में शामिल था। पेपर के 30 से 32 लाख रुपये लिए गए, अभ्यर्थियों को सेफहाउस में उत्तर देने के लिए कहा गया, जहां से उन्हें एस्कॉर्ट के साथ सीधे परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया। बिहार पुलिस के अनुसार, प्रति उम्मीदवार 30 लाख से 32 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। विशेष रूप से दो उम्मीदवारों के माता-पिता पहले से ही सांठगांठ के संचालकों को जानते थे और परीक्षा से पहले सेफहाउस में छात्रों को इकट्ठा करने में सहायक थे। ऐसे उम्मीदवारों को आमतौर पर अन्य उम्मीदवारों की तुलना में कम भुगतान करना पड़ता है। ईओयू का मानना है कि केवल एक ही नोड नेक्सस का पता लगाया है, जहां करीब एक दर्जन गुर्गों द्वारा करीब पांच उम्मीदवारों को मदद की गई थी।

शिवसेना नेता और प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मामले को लेकर कहा कि एनटीए के पास जवाब देने के लिए बहुत कुछ है। सबसे शर्मनाक बात तो यह है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को एनटीए का बचाव करना और पेपर लीक को बकवास कहना बिल्कुल ठीक लगता है, हालांकि जांच से कुछ और ही पता चलता है। मंत्री जी मूल रूप से बिहार पुलिस की जांच को खारिज कर रहे हैं, सीएम बिहार हैं नीतीश कुमार जी, क्या यह ठीक है? बिहार पुलिस के पास छ्एएढ 2024 का पेपर लीक करने वाले इन दोषियों का कबूलनामा दर्ज है, आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने एक दिन पहले ही पेपर लीक किया था। पुलिस को शक है कि पेपर लीक का यह रैकेट कई करोड़ का है, फिलहाल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

बिहार पुलिस का यह भी दावा है कि एनटीए को इस लीक के बारे में मई में ही बता दिया गया था, फिर वे कैसे आगे बढ़े और नतीजे जारी कर दिए? बिहार पुलिस ने कहा कि आरोपियों से पहले ही आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए हैं। जांच से पता चला है कि 5 मई की परीक्षा से पहले लगभग 35 उम्मीदवारों को नीट-यू जी के प्रश्नपत्र और उत्तर उपलब्ध कराए गए थे। लेकिन सरकार ने साफ कर दिया है कि पेपर लीक नहीं हुआ है तो फिर बिहार की जांच क्या इशारा कर रही है? अभी भी कई सवाल है, जिनका जवाब आने वाले वक्त में मिलेगा या नहीं, ये नहीं कहा जा सकता है।

## चिंतन

# अपने ही घर में प्रताड़ित हैं बुजुर्ग

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

देश और दुनिया में हर साल 15 जून, विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बुजुर्ग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना। बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्य्हार और अन्याय पर रोकथाम के लिए यह दिवस मनाने का निर्णय किया गया था। हमारे देश में बुजुर्गों को अपने ही घर में प्रताड़ित होने के समाचार निश्चय ही दिल दहलाने वाले है। आश्चर्य की बात तो यह है इन्हें प्रताड़ित करने वाले कोई दूसरे नहीं अपने ही है। इनमें लाखों बुजुर्गों ने अदालतों में अपने ही लोगों के खिलाफ न्याय की गुहार की है। ये बुजुर्ग अपनी बची खुची जिंदगी बिना-विघ्न बाधा परिवारजनों के साथ काटना चाहते है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया में हर 6 में से 1 बुज़ुर्ग के साथ दुर्व्यवहार होता है, जो सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। समाज के दो तिहाई से अधिक बुजुर्गों का कहना है कि वे घर में बच्चों समेत परिवार के सदस्यों के हाथों उत्पीड़न, अपमान और दुर्व्यवहार का सामना करते हैं। एजवेल फाउंडेशन'नामक एक गैर सरकारी संगठन ने 5 हजार बुर्जुगों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। रिपोर्ट के अनुसार जिन बुजुर्गों से बातचीत की गयी, उनमें दो तिहाई से अधिक ने कहा कि घर में परिवार के लोग, बच्चे, रिश्तेदार या अन्य उन्हें झिड़कते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं या उनका अपमान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर बुजुर्गों (करीब 77 प्रतिशत) का कहना है कि उन्हें अपने मानवाधिकारों की जानकारी नहीं है तथा उनसे जब बुरा बर्ताव किया जाने लगता है तो वे उसका विरोध नहीं करते हैं और ऐसे में यह एक पैटर्न (चलन) बन जाता है। सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 बुजुर्गों को



दो विशेष अधिकार देता है। पहला-अगर संतान गुजर-बसर के लिए खर्च नहीं देते हैं तो बुजुर्ग कानूनन उनसे प्रतिमाह भत्ता लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दूसरा-बच्चे बुजुर्गों को घर से नहीं निकाल सकते हैं। जबकि बुजुर्गों को यह अधिकार है कि वे परेशान करने पर बालिग संतान को घर छोड़ने के लिए बाध्य कर सकते हैं। इसके लिए बुजुर्ग को एसडीएम से शिकायत करनी होगी या कोर्ट जाना होगा।बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के मधे नज़र यह देखना भी जरुरी है की बुजुर्ग आज किस स्थिति में अपना जीवन यापन कर रहे है। बुजुर्ग देश और समाज के लिए एक समस्या है या गौरव है। बुजुर्गों की बढ़ती संख्या देखकर ख़ुशी होती है की व्यक्ति की औसत आयु में वृद्धि हो रही है मगर बुजुर्गों की उपेक्षा को देखकर दु:ख भी होता है। हर एक को याद रखना चाहिए की बुढ़ापा एक दिन सब को आएगा। जिस दिन यह सच्चाई हम स्वीकार कर लेंगे उस दिन समाज बुजुर्गों की इज्ज़त और सम्मान करना सीख लेंगा।

विश्व में बुजुर्गों की संख्या लगभग 60 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में प्रत्येक पांच में से एक बुजुर्ग अकेले या अपनी पत्नी के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। यानी वह परिवार नामक संस्था से अलग रहने को विवश है। ऐसे बुजुर्गों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। अशिक्षित बुजुर्गों की हालत और भी ज्यादा दयनीय है। अधिकतर बुजुर्ग डिप्रेशन, आर्थराइटिस, डायबिटीज एवं आंख संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हैं और महीने में औसतन 15 दिन बीमार रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन वरिष्ठ नागरिकों को होती है, जिनके पास आय का कोई स्रोत नहीं है। हेल्पेज इंडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताती है कि देश के लगभग 10 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों में से पांच करोड़ से भी ज्यादा बुजुर्ग आए दिन भूखे पेट सोते हैं। देश की कुल आबादी का आठ फीसदी हिस्सा अपने जीवन की अंतिम वेला में सिर्फ भूख नहीं, बल्कि कई तरह की समस्याओं का शिकार है।

## नजरिया

# रचनात्मक राजनीति समय की जरूरत

**सुरेश हिंदुस्थानी**
**मोबाइल : 9770015780**

भारत एक लोकतांत्रिक है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनावों के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है।

संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाईश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देश हित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसन्द जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है।

कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्राय: देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है।

यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियाँ बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही सन्देश दिया है, इससे जनता एक बार फिर से भ्रमित होती दिखाई दे रही है और इसीलिए ही कांग्रेस के कार्यालयों पर जनता की भीड़ उमड़ रही है। यह जनता कांग्रेस से अपने वादे पूरे करने की मांग कर रही है। क्योंकि उनके सामने यही सन्देश दिया है कि कांग्रेस सहित विपक्ष की बड़ी जीत हुई है। वर्तमान स्थिति का राजनीतिक विश्लेषण किया जाए तो यही कहना उचित होगा कि भाजपा आज भी जनता की पहली पसंद है। भाजपा को जितनी सीट मिली हैं, उसके आधे भी विपक्ष के किसी दल को नहीं मिली। प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कांग्रेस सौ के आंकड़े को नहीं छू सकी, यह गहन चिंता का विषय है, लेकिन कांग्रेस इस सत्य को स्वीकार करने की मानसिकता नहीं बना पाई। राजनीति में सीटों की संख्या का महत्व होता है और सीटों के मामले में भाजपा बहुत आगे है। यह अलग बात है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इस बार भाजपा ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया है। यह भाजपा के लिए आनंद की ही बात है। जिस दक्षिण के लिए भाजपा अछूत मानी जाती थी, वहां भाजपा स्वीकार होने लगी है।

एक ख़ास बात यह भी है कि इस बार के चुनावों में जनता ने क्षेत्रीय दलों को भी बहुत अच्छा महत्व दिया है। क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व में आने के बाद देश में गठबंधन की राजनीति का युग फिर से आ गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति देश के अधिकतर राज्यों में है। बाकी सभी दल राष्ट्रीय फलक पर प्रभाव दिखाने वाले नहीं हैं। इसके अलावा विपक्ष में अभी से बिखराव प्रारम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। खैर.. यह राजनीति है, राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता। लेकिन जहां देश हित की बात आती है तो वहां राजनीति नहीं होना चाहिए। राजनीति रचनात्मक होगी तो ही देश चलेगा, विरोध की राजनीति तो अवरोध पैदा करने वाली होती है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

## जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और पोप फ्रांसिस ने मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पोप फ्रांसिस ने



शुक्रवार को दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सत्र' में गर्मजोशी से मुलाकात की। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं के साथ महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मोदी को 87 वर्षीय पोप के साथ हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करते हुए देखा गया। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर 'आउटरीच सत्र' में अपने संबोधन में कहा, एआई का बेहतर इस्तेमाल करना हममें से प्रत्येक पर निर्भर करता है। सत्र में जी7 के नेता और 'ग्लोबल साउथ' के नेता शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2021 में वेटिकन के अपोस्टोलिक पैलेस में एक निजी मुलाकात के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने कोविड-19 महामारी और दुनियाभर के लोगों पर इसके प्रभावों को लेकर चर्चा की थी। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, भारत और होली सी (कैथोलिक चर्च की वेटिकन स्थित सरकार) के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और ये 1948 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के समय से ही हैं। एशिया में दूसरी सबसे बड़ी कैथोलिक आबादी वाला देश होने के कारण भारत को अगले वर्ष पोप के दौरे की उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष ऋषि सुनक से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष ऋषि सुनक से मुलाकात की और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के अपने तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता में हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने अपुलिया के रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान गले मिलकर एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुनक ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरे ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी, तो वहीं मोदी ने अगले महीने होने वाले आम



चुनाव के लिए ब्रिटेन के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मोदी ने इस मुलाकात के तुरंत बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, इटली में (ब्रिटेन के) प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मोदी ने कहा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की काफी संभावनाएं हैं। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दोनों नेताओं के बीच बैठक को सार्थक बताया। जायसवाल ने 'एक्स' पर कहा, दोनों नेताओं ने रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं आर्थिक सहयोग, उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों तथा लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने 'रोडमैप 2030' के कार्यान्वयन और जारी एफटीए वार्ता में हुई प्रगति पर चर्चा की। सुनक और मोदी की पिछली मुलाकात गत वर्ष सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में हुई थी, जब उन्होंने भारत के आम चुनाव से पहले एफटीए वार्ता में तेजी लाने पर सहमति जताई थी।

अब व्यापार वार्ता हालांकि चार जुलाई को ब्रिटेन की नई सरकार के निर्वाचित होने के बाद ही पुनः शुरू होने की उम्मीद है। जनवरी, 2022 में शुरू हुई भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है।

## चीन में 'मीटू आंदोलन' को बढ़ावा देने वाली महिला पत्रकार को पांच साल की जेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग। चीन में मीटू आंदोलन के तहत महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली चीनी पत्रकार ह्वांग शुएकिन को शुक्रवार को राष्ट्रद्रोह के आरोप में पांच साल कैद की सजा सुनाई गई है। चीनी पत्रकार के समर्थकों ने यह जानकारी दी। 'द एसोसिएटेड प्रेस' को मिली अदालत के फैसले की प्रति के अनुसार चीनी पत्रकार पर एक लाख युआन (1,155,959 रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है।

शुएकिन और एक अन्य कार्यकर्ता को करीब तीन साल पहले हिरासत में लिया गया था। चीन में 'मीटू आंदोलन' कुछ समय तक फला-फूला, लेकिन सरकार द्वारा उसे दबा दिया गया। चीन अक्सर कार्यकर्ताओं को लम्बे समय तक बिना किसी संपर्क के रखकर या फिर उन्हें जेल की सजा देकर चुप करा देता है।

शुएकिन की रिहाई की तारीख 18 सितम्बर 2026 सूचीबद्ध की गई है, जिसमें उनकी पहले की हिरासत का समय भी शामिल किया गया है। वहीं, सह-प्रतिवादी वांग जियानबिंग को उसी आरोप में तीन साल और छह महीने की सजा सुनाई गई है। शुएकिन एक स्वतंत्र पत्रकार और महिला अधिकार कार्यकर्ता हैं। उनके समर्थकों ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगी। इस मुकदमे में मानवाधिकार कार्यकर्ता वांग जियांबिंग भी एक आरोपी थे। उन्हें तीन साल छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई। शुएकिन ने एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में काम करते हुए 2018 में चीन के पहले 'मीटू आंदोलन' की शुरुआत की, जब उन्होंने चीन के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक में अपने पीएचडी पर्यवेक्षक के खिलाफ स्नातक की एक छात्रा द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को सार्वजनिक किया।

एमनेस्टी इंटरनेशनल की चीन इकाई की निदेशक सारा ब्रुक्स ने एक बयान जारी कर शुएकिन की सजा की निंदा करते हुए इसे चीनी गणराज्य में महिलाओं के अधिकारों पर हमला करार दिया।

## फैशन पर बेस्ड रियलिटी शो को को-प्रोड्यूस करेंगी मसाबा गुप्ता

मुंबई/एजेन्सी

मशहूर फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा गुप्ता अपने अपकमिंग रियलिटी टीवी शो को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। अभी तक इसका नाम नहीं रखा गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह इस शो को को-प्रोड्यूस करेंगी। यह शो फैशन को भारतीय शादियों से जुड़े इमोशन्स के साथ जोड़ेगा। इसमें मसाबा के अपने खुद के डिजाइन किए गए ड्रेस की झलक दिखेगी। यह रियलिटी शो लोगों, उनकी बेबाक कहानियों और उन भावनाओं पर फोकस करेगा, जिसमें प्यार और फिर शादी का जश्न मनाया जाता है। मसाबा इस शो को लूसिफेर सर्कस के साथ को-प्रोड्यूस करेंगी। यह शो फैशन आइडियाज को बढ़ाने और ट्रेडिशनल वेयर में नयापन लाने का वादा करता है।

नए डेवलपमेंट के बारे में बात करते हुए, मसाबा ने कहा, मैं आपके लिए मैरिज, कम्पैनियनशिप और इन दोनों के बीच की हर चीज की आकर्षक कहानियां लाने वाली हूं। हम आपको इसमें शादी के बीटीएस (बिहाइंड द सीन्स) दिखाएंगे, जो किसी भी भारतीय की जिंदगी में



सबसे खास होते हैं। साथ में, हम उन खुशियों, परंपराओं और दिल को छू लेने वाले पलों को भी दिखाएंगे, जो इन इवेंट्स को यादगार बनाते हैं।'' बता दें कि यह शो उनके ब्राइडल कलेक्शन की सफलता के बाद लाने का फैसला किया गया है। बता दें कि करीना कपूर खान और मसाबा काफी अच्छी दोस्त हैं। हाल ही में करीना ने उनके लेटेस्ट ब्राइडल कलेक्शन 'द मसाबा ब्राइड' के लिए एक साथ काम किया था। उन्होंने इस कलेक्शन को उन महिलाओं को समर्पित किया, जो अपने जीवन के हर पहलू को गर्व से अपनाती हैं।

## पोप फ्रांसिस सात देशों के समूह को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बारी (इटली)। पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

## अक्टूबर में रिलीज होगी आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा'

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म 'जिगरा' का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'जिगरा' का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को 'जिगरा' के साथ सिनेमाघरों में




मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। 'जिगरा' आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है।

आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है।बताया जा रहा है कि 'जिगरा' की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट ने बास्केटबॉल खेलना सीखा है और वह 'जिगरा' के कई दृश्यों में बास्केटबॉल खेलती नजर आएंगी।

## अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' अब स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी

मुंबई/एजेन्सी

अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'खेल खेल में' सिनेमाघरों में अब निर्धारित तारीख से लगभग एक महीने पहले आ जाएगी और निर्माताओं ने फिल्म को 15 अगस्त को रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म निर्माता टी-सीरीज ने बुधवार रात अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज की नई तारीख साझा की। यह 'कॉमेडी-ड्रामा' फिल्म पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस पर हंसी, ड्रामा और ढेर सारी मस्ती की दुनिया में कदम रखिए! 15 अगस्त, 2024 को अपने कैलेंडर पर निशान लगा लीजिए। फिल्म 'खेल खेल में' सिनेमाघरों में आएगी।



इसके निर्देशक व लेखक मुदस्सर अजीज हैं। इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, एम्मी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल भी काम कर रहे हैं। 'खेल खेल में' का मुकाबला 15 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दो अन्य बड़ी फिल्मों जॉन अब्राहम की 'वेदा' और अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' से होगा।



## ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई 'दो और दो प्यार'

मुंबई/एजेन्सी

विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति स्टारर 'दो और दो प्यार' हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अवॉर्ड विनिंग-एड फिल्म मेकर श्रीषा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी इस फिल्म को पॉजिटिव रिव्यू मिला था। हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब विद्या बालन की 'दो और दो प्यार' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है।

विद्या बालन की रोम-कॉम 'दो और दो प्यार' अर्बन रिलेशनशिप, लव एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के कॉम्पलीकेशन पर बेस्ड है। थिएट्रिकल रिलीज के बाद ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज हो रही है। डिज़्नी+हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल दो और दो प्यार की स्ट्रीमिंग की अनाउंसमेंट की है।

विद्या बालन, इलियाना डिक्रूज, प्रतीक गांधी और सेंथिल राममूर्ति स्टारर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए डिज्नी प्लस हॉटस्टान ने कैप्शन में लिखा है, प्यार में पड़ना, फिर से। क्योंकि सिर्फ एक बार काफी नहीं है, दो और दो प्यार अब स्ट्रीमिंग हो रही है हॉटस्टार पर। दो और दो प्यार एक कपल काव्या (विद्या स्टारर) और अनिरुद्ध (प्रतीक गांधी स्टारर) की कहानी है। इस जोड़े की शादी को 12 साल हो गए हैं लेकिन अब उनके रिश्ते में वह चमक खो गई है। अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दोनों एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर में पड़ जाते हैं। लेकिन जिंदगी ने उनके लिए कुछ और ही प्लान बना रखा था। ऊटी की ट्रिप के बाद इस जोड़े को फिर से एक-दूसरे से प्यार हो जाता है और उनकी मीठी यादें ताजा हो जाती हैं।

फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस के लिए पॉजिटिव रिएक्शन मिलने पर, विद्या ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर आभार व्यक्त किया था। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा, ''दो और दो प्यार'' के लिए हमें जो प्यार मिल रहा है, उससे वाकई बहुत खुश हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद मेरा दिल प्यार, खुशी, कृतज्ञता और मुस्कान से भरा है।



## अगस्त में रिलीज होगी फिल्म 'स्त्री-2'

मुंबई/एजेन्सी

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'स्त्री 2', 15 अगस्त को रिलीज होगी। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'स्त्री' सबसे लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी फिल्मों में से एक है। फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है।अमर कौशिक द्वारा निर्देशित, जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान प्रोडक्शन ने एक बार फिर राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी के साथ मिलकर इस फिल्म पर काम किया है।

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की मच अवेटिड फिल्म 'स्त्री 2' अब सिनेमाघरों में 15 अगस्त 2024 को दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म के प्रोडक्शन मैडॉक फिल्म्स ने एक मोशन पोस्टर जारी कर नई तारीख का ऐलान किया है। पहले 'स्त्री 2' की सिनेमाघरों में आने की तारीख 30 अगस्त रखी गई थी, जिसको अब बदल दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई 'हमारे बारह' के प्रदर्शन पर रोक

मुंबई/एजेन्सी

अन्नू कपूर स्टारर फिल्म 'हमारे बारह' लगातार विवादों में घिरी हुई है। फिल्म का टीजर जारी होने के बाद से ही इस फिल्म को लेकर बवाल मचा हुआ है। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हमारे बारह का ट्रेलर भी हटाया जा चुका है। फिल्म पर धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है और इसकी रिलीज को रोके जाने की मांग हो रही है। इस बीच जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच से अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' को राहत नहीं मिली है। ये फिल्म कल ही रिलीज होने वाली थी।

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के द्वारा मामले के निपटारे तक फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही हाई कोर्ट से अनुरोध करते हुए कहा है कि याचिका को तेजी से निपटाया जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि बाम्बे हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका मे उइत्रऊ खुद पक्षकार है और उसकी ही कमेटी फिल्म की स्क्रीनिंग कैसे कर सकती है?

याचिकाकर्ता का कहना था कि CBFC इस फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए एक कमेटी बनाई थी। सीबीएफसी की कमेटी ने स्क्रीनिंग के बाद उस फिल्म के टीजर और उससे जुड़े कुछ हिस्सों को हटाने का सुझाव दिया था। जिसको हटा लिया गया था और उसके बाद हाईकोर्ट में इस फिल्म की रिलीज की अनुमति दी थी। याचिकाकर्ता द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट के इस आदेश



को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट मे दाखिल की गई याचिका मे कहा गया था कि यह फिल्म इस्लामी आस्था के खिलाफ और भारत में विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने वाला है। फिल्म के कुछ डायलॉग्स पर भी आपत्ति जताई गई है।

फिल्म का टीजर जारी होने के बाद अन्नू कपूर ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने फिल्म को लेकर मचे विवाद पर प्रतिक्रिया दी थी। अन्नू कपूर ने अपने वीडियो में दावा किया था कि ये फिल्म सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। वीडियो में अभिनेता ने कहा था- 'ये फिल्म सिर्फ महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकारों की वकालत करती है। आप सभी पहले फिल्म देखें और इसके बाद ही कोई धारणा बनाएं या अपना फैसला दें। सबको अपनी बात कहने की आजादी है, लेकिन इस तरह किसी को गाली नहीं देनी चाहिए। गा या जान से मारने की धमकी न दें। हम इन चीजों से डरने वाले नहीं हैं।'


## हर कलाकार को उसे मिलने वाले पारिश्रमिक को लेकर पुनः विचार करना चाहिए : करण जौहर

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बड़े सितारों के शुल्क को लेकर चल रही बहस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि फिल्मी कलाकारों को उनके काम के बदले दिए जाने वाले पारश्रमिक पर नए सिरे से विचार-विमर्श करने की जरूरत है क्योंकि उनमें से कई वास्तविकता से वाकिफ नहीं होते हैं।

हिंदी सिनेमा में हाल के महीनों में रिलीज हुईं कई बड़ी फिल्में अपेक्षा अनुरूप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं। ऐसे में इन फिल्मों में कुछ नामचीन सितारों द्वारा लिए जाने वाले भारी-भरकम पारिश्रमिक और उनके सहायकों आदि पर होने वाले खर्च से फिल्म के बजट पर पड़ने वाले असर को लेकर बहस शुरू हो गई।

जौहर ने बुधवार को अपनी



आगामी फिल्म 'किल' का ट्रेलर जारी किए जाने के मौके पर संवाददाताओं से कहा, सितारों को उनके काम के बदले दिए जाने वाले शुल्क पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। सभी अभिनेताओं के लिए यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि समय कैसा है और हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है। जौहर ने कहा, हर एक फिल्मी कलाकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे कितना शुल्क ले रहे हैं क्योंकि कई बार कुछ निर्माता ऐसे होते हैं जो फिल्म बनाने के लिए सितारों की मांग के अनुरूप उन्हें पैसों का भुगतान कर देते हैं, लेकिन अंततः इससे पूरे तंत्र को बहुत नुकसान होता है।

करण जौहर के मुताबिक, अभिनेताओं-अभिनेत्रियों के साथ उनके सहायकों को पारिश्रमिक देना कोई बड़ा मुद्दा नहीं है, हालांकि इससे फिल्म निर्माण की कुल लागत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, असली मुद्दा लागत का है। इसलिए उन्हें लाभ प्रतिशत का कुछ हिस्सा दिए जाने जैसी चीजों पर विचार करना होगा...जो कि संभव है। लेकिन हर अभिनेता को अपने भीतर झांकना होगा क्योंकि उनमें से बहुत से लोग वास्तविकता से वाकिफ नहीं होते हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

हमें अपनी कमजोरियों से लड़ना, आत्मा में लगे हुए कर्मों से लड़ना अत्यंत कठिन है। हमने मोक्ष के प्रेमियों को अपने कर्मों से लड़ते हुए देखा है। सोचो, कैसा उन महापुरूषों का पुरुषार्थ रहा होगा। बाहर वालों से लड़ने के लिए हमारे पास ताकत बहुत है लेकिन हमारे अंदर की कमजोरियों से निपटने में हम कमजोर है। चूंकि कमजोरियों से लड़ने के साधन बहुत कम है। इसका जुगाड़ स्वयं को करना पड़ता है। उन्होंने कहा कभी-कभी बच्चों को समझाना आसान है लेकिन यदि बड़े लोग बच्चों जैसी हरकत करेंगे तो उन्हें कौन समझा सकता है।



# जीके जैन विद्यालय में कक्षा कक्ष का हुआ उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के रायपुरम स्थित जी.के. जैन विद्यालय में नव निर्मित भवन में 14 जून को स्व भंवरलाल मकाणा की यादगार में उनकी सुपुत्रियों के द्वारा एक अत्याधुनिक कक्षा-कक्ष का प्रज्वलित करके फीता काट कर उद्धघाटन किया गया। जिसमें पिस्तादेवी जवरीलाल बोहरा, प्रकाशबाई प्रेमराज खटोड़, शांतिबाई मुकनचंद बोहरा, कांताबाई जयचंद बोहरा, इंद्राबाई अनिल कोठारी, सुमित्रा आनंद रांका, चंदनबाला आनंद कोठारी द्वारा शिक्षा हेतु समर्पित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से पत्राचारक महावीर कोठारी, हायर सेकंडरी के सचिव ज्ञानचंद कोठारी, श्रीजैन शिक्षण संघ के सचिव राजेश कोठारी ने योगदान देने वाले परिवार के सदस्यों का सम्मान साल व स्मृति चिन्ह से किया।

महावीर कोठारी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कृति को संरक्षित करते हुए जीविकोपार्जन का मार्ग प्रशस्त करता है।

आज के कार्यक्रम में उपस्थित मेहमानों का स्वागत हायर सेकेण्डरी के सचिव ज्ञानचंद कोठारी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रकाश का स्रोत शिक्षा है। जिससे क्षमतानुसार सभी को योगदान करना चाहिए जो एक आदर्श समाज का निर्माण करता है।



# दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच से करें : डॉ. प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां एस एस् जैन संघ अड़यार मे विराजित डॉ. प्रतिभाश्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि सोच दो तरह की है,नकारात्मक सोच और सकारात्मक सोच। सकारात्मक सोच व्यक्ति को समाधि देती है दुःख हरती है। मनुष्य की समझ शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिव थिंकिंग धैर्य बढ़ाती है। संकल्प शक्ति बढती है, आनंद को बढ़ाता है। रोग घटता है, मुस्कान बढती है। 'स्टार्ट यू डे विथ समथिंग' अपने दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच से करे। नकारात्मक सोच से क्रोध, तनाव, चिंता बढ़ती जाती है पर सकारात्मक से क्रोध तनाव, चिंता



घट जाती है। सकारात्मक सोच से जीवन का नवनिर्माण हो सकता है। सकारात्मक सोच से तन स्वस्थ हो जाता है, मन पवित्र हो जाता है। साध्वी अनुज्ञाश्री ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन मे चिंता है। चिंता को दूर करने के लिए सुंदर पंक्ति है प्राप्त है सो पर्याप्त है। तीन शब्द - चिंता, चिता, चिंतन। चिंता - जीते जी जलाती है, चिता-मरने के बाद जलाती है और चिंतन - चिंतन करने से व्यक्ति का जीवन सुधर जाता है जीवन का उद्धार हो जाता है। संघ का संचालन के मंत्री देवराज कोठारी ने किया। शनिवार को साध्वी मंडल का विहार नेमीचंद, पारसमल, कुशल, ललित, जिनेश कर्नावट मंदवेल्ली रहेगा। यह जानकारी मैलापुर संघ के मंत्री विमलचंद खाबिया ने दी।




# बाफना परिवार ने मनाया स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां बाफना परिवार जैन संघ द्वारा चूलै स्थित मालू भवन में स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेन्नई के अनेक बाफना परिवारों ने भाग लिया। गत 18 वर्षों से संघ द्वारा स्नेह मिलन का आयोजन होता आ रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण व माताजी की आरती से हुई।

अध्यक्ष ओमप्रकाश बाफना खीचन ने स्वागत भाषण दिया। सचिव अशोक बाफना भोपालगढ़ ने संघ की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष ताराचंद बाफना खीचन ने संघ का हिसाब पेश किया। जीवदया समिति के चेयरमैन अरविंद बाफना कराडी ने जीवदया कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बाफना रत्न समिति के चेयरमैन गौतम बाफना बालोतरा ने बाफना रत्न उपाधि के बारे में सबको बताया। मुख्य लाभार्थियों व मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। तपस्यार्थी व प्रतिभाशाली छात्रों का भी सम्मान किया गया। रंगारंग मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस वर्ष अध्यक्ष ओमप्रकाश बाफना खीचन के नेतृत्व में विशिष्ट बाफना बंधु का बाफना रत्न द्वारा सम्मान व अलंकरण करने की नई शुरुआत हुई। हमारे संस्थापक अध्यक्ष स्व. जुगराज बाफना, समदड़ी को सर्व प्रथम बाफना रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया, जिसे उनके पुत्र ओमप्रकाश बाफना, इरोड ने स्वीकार किया। मंच का संचालन सुरेश बाफना गुड़ा चतुराजी व विनोद बाफना पांथेडी ने किया। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सभा का विसर्जन हुआ।



# शपथ ग्रहण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के सत्र 2024-26 की नव गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष देवीचंद मांडोत को निवर्तमान अध्यक्ष उत्तमचंद पुगलिया ने शपथ दिलवाई इसके पश्चात देवीचंद मंडोत ने अपनी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। मंत्री अजय बुच्चा को बनाया गया। कार्यक्रम के पश्चात आगामी चातुर्मास के संबंध में चर्चा एवं निर्णय किए गए।

गुरुदेव के आगामी सूरत चातुर्मास में यहां से एक वृहद संघ ले जाया जाएगा ऐसा निश्चय किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष धनराज सेठिया ने दिया।



# गोटावत जैन कॉलेज में पीयूसी प्रथम व द्वितीय का नया सत्र प्रारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय हिंदी शिक्षण संघ द्वारा संचालित संस्था इन्दिरानगर स्थित एसएमजीएच महाविद्यालय में शुक्रवार को पीयूसी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष का नया सत्र प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ में व्याख्याता राजगुरु ने ईश वंदना की। संघ महामंत्री शांतिलाल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष इंद्रचंद भंसाली, डायरेक्टर अनिल भंसाली, सीईओ डॉक्टर वेंकट रायडू ,पीयू प्रिंसिपल वाणी एच, डिग्री प्रिंसिपल सुधारानी तथा मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक पीजी सुधाकर ने दीप प्रज्वलन किया।

मुख्य अतिथि सुधाकर ने इसरो से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत की एवं बच्चों को विज्ञान की ओर अग्रसर होने के लिए उत्साहित किया। अनिल भंसाली ने बच्चों को मैनेजमेंट की ओर से हर तरह की सुविधा प्रदान करने का वादा किया साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई बच्चा पैसा के कारण पढ़ाई नहीं कर रहा है तो संस्था उसकी मदद करेगा। वेंकट रायडू ने बच्चों का शिक्षा से संबंधित जानकारियां प्रदान किया। प्राचार्य वाणी ने महाविद्यालय के नियम कानून से अवगत कराया तथा सुधारानी ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।



# 'स्वयं को एक 'ब्राँड' बनाने के गुर सीखे जीतो साऊथ की महिला सदस्याओं ने'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो लेडीज़ विंग साऊथ द्वारा 'अस्तित्व मेरी पहचान' कार्यक्रम का आयोजन ईआईएमआर बसवनगुडी में आयोजित किया गया जिसमे 51 सदस्यों ने भाग लिया। लेडीज़ विंग चेयरपर्सन सुनीता गाँधी नें सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अस्तित्व की पहचान बनाने की कला को सीखने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा हम सभी को इस कला को सीखकर एक सुंदर अस्तित्व का निर्माण करना है। साउथ चैप्टर के चेयरमेन दिनेश बोहरा ने जीतो ग्रोथ स्मिट की सफलता में जीतो लेडीज़ विंग कमिटी का योगदान एवं जीतो गॉट टेलेंट के आयोजन हेतू आभार व्यक्त किया। महामंत्री एवं कार्यक्रम स्थल के प्रायोजक दीपक श्रीश्रीमाल ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए एक कविता के माध्यम से महिलाओं को प्रेरणा दी। जीतो लेडीज विंग संयोजिका संजय भंडारी, लेडीज विंग महामंत्री मोनिका पिरगल ने सभी सदस्याओं को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के पायलट फेकल्टी अरविंद माण्डोत एवं को-पायलट फ़ेकल्टी एवं उपाध्यक्ष बबीता रायसोनी ने सभी महिलाओं को अपने अस्तित्व की पहचान बनाने के अनेक गुर सिखाये। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को अपनी भावनाओं को जागृत करने के लिए उसे, उजागर करना अत्यंत आवयश्क है। हमारी खुशी हमारे हाथो में है। हमारा रिमोट कंट्रोल हमारे हाथो में होना चहिये। हमको अगर हमारी पहचान बनानी है तो,सही समय पर सही कार्य करना, निर्णय लेनी की क्षमता, बुद्धि का विकास, रोजमर्रा के कार्यों को समय पर करना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, पारिवारिक कार्यों को समय पर करना, सोशल मीडिया का समय सीमित करना, गॉसिप से बचना, काम को विभाजित करना, अपने सामान को व्यवस्थित रखना तथा नेगेटिव बातों से दूर रहना चाहिए।

जैन धर्म की फ़िलोसोफ़ी को समझना कि प्रत्येक व्यक्ति के कर्म उसकें साथ में चलते हैं। अपनी पहचान तथा ब्रांड बनाने के लिए, सभी कार्यों को स्वयं पर लागू करना होगा, जो कुछ भी हम करेंगे व बोलेंगे, उसका पालन करके ही हम अपनी ब्रांड को कायम कर सकते है। अंत में सभी महिला सदस्याओं द्वारा स्वयं में सुधार लाने का संकल्प लिया गया। सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया। प्रश्न उत्तर के माध्यम से सभी को उनके समस्या के समाधान बताये गये। अनेक ग्रुप कार्यो को अन्ताक्षरी व खेल के माध्यम से करवाया गया।

# रक्तदान शिविर में एकत्र हुआ 19 यूनिट रक्त

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वावधान में राउंड ईयर ह्यूमैनिटी थीम रक्तदान 2024 एवं विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में श्रीरामपुरम स्थानकवासी संघ के सहयोग से स्थानक भवन में में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 19 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश गन्ना, एमबीडीडी प्रभारी सुनील मेहता, संयोजक चेतन मांडोत, अजीत गांधी, तेयुप से दीपक गिलुंडिया, हरीश पोरवाड़, जयंतीलाल गांधी, ललित मुणोत,शांतिलाल पीतलिया, कमलेश चौरडिया आदि ने अपनी सेवाएं दी।

## बेंगलूरु माहेश्वरी सभा की स्थापना का 50वां वर्ष

# सेवा, संस्कार व संस्कृति के साथ माहेश्वरी सभा ने बनाई अपनी अलग पहचान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु की माहेश्वरी सभा अपनी स्थापना का 50वां वर्ष मना रही है। आज से 5 दशक पहले वर्ष 1974 में 14 अप्रैल को मात्र 50 परिवारों से माहेश्वरी सभा की स्थापना की गई थी। शनै शनै समय के साथ शहर में माहेश्वरी परिवारों का निवास हुआ और आज 1400 परिवारों के साथ माहेश्वरी सभा शहर की अग्रणी संस्थाओं में से एक है। गत 50 वर्ष से सभा के सदस्य परिवार अनेक रचनात्मक, संगठनात्मक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते आ रहे हैं।

### युवा व महिलाओं का किया सशक्तिकरण

समाज के युवा वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 1981 में माहेश्वरी युवा संगठन का गठन किया गया। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से वर्ष 1992 में माहेश्वरी महिला मंडल की स्थापना की गई। माहेश्वरी सभा हमेशा से अपने सदस्य परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रही है। सभा व अन्य सहयोगी संस्थाओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर की बैठकों का आयोजन कर अपने आप को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाई। सभ्यता, संस्कृति, सेवा व संस्कारों से जुड़ी माहेश्वरी समुदाय की विभिन्न संस्थाएं समय समय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं ताकि समाज में आपसी प्रेम व संस्कारों की गंगा बहती रहे। सभा व अन्य सहयोगी संस्थाओं ने विभिन्न तीज त्यौहारों के आयोजन के साथ साथ अनेक धार्मिक




कार्यक्रम, रामायण, भागवत पाठ, भजन संध्या, कवि सम्मेलन आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

### मानवसेवा में भी सदैव अग्रसर रहता है माहेश्वरी समुदाय

धर्म, संस्कृति व संगठन के साथ साथ माहेश्वरी सभा मानवसेवा के कार्यों में भी अग्रणी है। सभा, युवा संगठन व महिला मंडल अपने अपने स्तर पर मानवसेवा के अनेक कार्य जैसे रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, राशन सहयोग, कैंसर जांच शिविर, नेत्र, दंत जांच शिविर, एम्बुलेंस सहयोग, सामुदायिक भवन निर्माण, दीन दुखियों की सेवा व सहयोग अनेक कार्य करते आ रहे हैं। सेवा, संस्कारों के साथ साथ संस्था खेलकूद क्षेत्र में भी अनेक कार्य कर रही है। माहेश्वरी युवा संघ आपसी गेट-टुगेदर के लिए समय समय पर क्रिकेट प्रतियोगिता सहित अनेक खेलों का आयोजन करता आ रहा है। इसके अलावा कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में माहेश्वरी सभा ने केवल अपने समाज के लिए ही नहीं अपितु मानव जाति के लिए अनेक राहत कार्य किए जो कि अपने आप में अनुकरणीय है। सभी सदस्यों के मेलमिलाप को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से माहेश्वरी सभा विगत कई वर्षों से सदस्य निर्देशिका व वार्षिक कैलेन्डर का प्रकाशन भी कर रही है। इसके अलावा सभा द्वारा सदस्य परिवारों के लिए तीर्थ दर्शन यात्रा का भी आयोजन किया जाता है।

### माहेश्वरी भवन बन गया है बेंगलूरु का लैंडमार्क

ओकलीपुरम मैन रोड स्थित माहेश्वरी भवन आज शहर का एक जाना माना लैंडमार्क बन गया है। माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा वर्ष 1995 में 30 हजार वर्गफीट के भूखंड पर दो मंजिला माहेश्वरी भवन का निर्माण किया गया जिसमें 18 वातानुकूलितलित कमरे व दो सभागार, भोजनकक्ष, रसोईघर आदि की सुविधा है। समाज के बच्चों को शिक्षा में सहयोग करने के उद्देश्य से माहेश्वरी फाउंडेशन ने वर्ष 2001 में आरआर नगर में 125 छात्रों के रहने के लिए छात्रावास का निर्माण करवाया। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस छात्रावास में शिक्षा सहयोग लेकर 500 से अधिक बच्चे आज देश की विभिन्न कम्पनियों में उच्च पद पर कार्यरत हैं।

इस छात्रावास की सफलता के बाद वर्ष 2010 में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा ओकलीपुरम में माहेश्वरी कन्या छात्रावास का निर्माण किया गया जिसमें 55 छात्राओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। समाजसेवा के साथ साथ माहेश्वरी समुदाय के लोगों ने आर्थिक सुदृढ़ता की ओर अपना ध्यान मोड़ा और वर्ष 2016 में माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट कोऑपरेटिव लिमिटेड का शुभारंभ किया जिसमें 1500 से अधिक शेयर धारक है और यह क्रेडिट कोऑपरेटिव शहर के चामराजपेट क्षेत्र में कार्यरत है।

### माहेश्वरी भवन में महेश नवमी पर होंगे अनेक कार्यक्रम

बेंगलूरु माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में शनिवार व रविवार को 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस महेश नवमी' का आयोजन ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में मनाया जाएगा। शनिवार को सुबह 7.30 बजे से माहेश्वरी भवन पर महेश पूजन, 12 ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक, रक्तदान शिविर, अन्नदान व महाप्रसाद का आयोजन तथा रविवार को महेश नवमीं के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य नाटिका, वरिष्ठ सदस्य सम्मान, विशिष्य उपलब्धि प्राप्त समाज बंधुओं का सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों को सरस्वती पुरस्कार सहित अनेक आयोजन होंगे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.